प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

गोवा में नया राजनीतिक विकल्प देने के लिए "आप" ने किया फोकस पेज- 2

जानलेवा हमला किए जाने की दी तहरीर पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 45 | मंगलवार 03 फरवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## समाजवादी पार्टी को पीडीए से ज्यादा परिवार की चिंता : मुख्यमंत्री योगी

(एजेंसी) लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव के पीडीए नारे पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि विपक्षी दल को पीडीए से ज्यादा परिवार की चिंता है। योगी ने तंज कसते हुए कहा, पीडीए तो बहाना है, असली लक्ष्य तो परिवार है...! मुख्यमंत्री ने केंद्रीय बजट में पीडीए को नजरअंदाज करने के सपा प्रमुख के आरोप पर सवाल उठाते हुए कहा, जो लोग यह दावा करते हैं, उनसे यह पूछा जाना चाहिए कि जब सरकार ने उत्तर प्रदेश के छह करोड़ लोगों सहित पूरे देश में 25 करोड़ लोगों को गौरव और सम्मान के साथ आगे बढ़ने में मदद की, तो उनके कार्यकाल में ऐसा क्यों नहीं हो सका? पीडीए का मुद्दा तब भी जरूर रहा होगा। उन्होंने कहा, मैं पूछना चाहता हूं कि उस समय पीडीए पर चर्चा क्यों नहीं हुई? अपनी पार्टी (सपा) के शासनकाल में उन्हें (अखिलेश को) सिर्फ परिवार की ही चिंता क्यों थी? योगी समेत भाजपा के शीर्ष नेताओं ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर वंशवादी राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को परिवार के रूप में देखने का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है। हमारा मुख्य उद्देश्य गरीबों, युवाओं और किसानों की सहायता करना है। हमारा लक्ष्य उच्च श्रेणी की अवसंरचना सुनिश्चित करना है, जो आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से बनाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा, यह दृष्टिकोण बजट में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है, लेकिन दूरदृष्टिहीन लोग, भविष्य की कोई योजना न रखने वाले लोग ऐसी निरर्थक बातों में उलझे रहते हैं।ष योगी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता व कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा बजट की आलोचना को भी खारिज कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए बढ़ाए गए आवंटन से उत्तर प्रदेश को मदद मिलेगी, जो देश में रक्षा विनिर्माण का एक बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के साथ-साथ निवेशकों को भी लाभ होगा। योगी ने कहा कि केंद्रीय बजट के आधार पर प्रदेश सरकार फरवरी में बजट प्रस्तुत करेग और डबल इंजन सरकार के इस बजट का लाभ देश की सबसे बड़ी आबादी को प्राप्त होगा।




## संसद में धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस शुरू

### -प्रधानमंत्री मोदी 4 फरवरी को देंगे जवाब

(एजेंसी) नई दिल्ली। संसदीय मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 फरवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देंगे। सोमवार को शुरू हो रही मैराथन बहस की डिटेल्स शेयर करते हुए, उन्होंने कहा कि सर्बानंद सोनोवाल चर्चा शुरू करेंगे और इसमें आज भाजपा के पांच जाने-माने स्पीकर शामिल होंगे। उन्होंने लगातार नेगेटिव सोच रखने और यूनियन बजट के पॉजिटिव पहलुओं को मानने से इनकार करने के लिए विपक्ष की आलोचना भी की। रिजिजू ने कहा कि आज हमारे पास भाजपा के पांच स्पीकर हैं क्योंकि कुल चर्चा का समय 18 घंटे है जो तीन दिनों में फैला हुआ है। इसे ध्यान में रखते हुए, एनडीए को लगभग 55 प्रतिशत समय मिलेगा। प्रस्ताव सर्बानंद सोनोवाल पेश करेंगे और तेजस्वी सूर्या उसका समर्थन करेंगे। उसके बाद, विपक्ष के नेता बोलेंगे। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी 4 फरवरी की शाम को जवाब देंगे। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के बाद यूनियन बजट पर विस्तार से बहस होगी। आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हैय इस पर चर्चा तीन दिनों के लिए 18 घंटे तक होनी है। उसके बाद, बजट पर चर्चा होगी। विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए रिजिजू ने उस पर जानबूझकर बजट में बताई गई उपलब्धियों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष बजट के पॉजिटिव पहलुओं को मानने को तैयार नहीं है। मैं इसे ठीक नहीं कर सकता। आज पूरी दुनिया भारत का बजट देख रही है। यह अब सिर्फ भारतीयों के लिए नहीं है, दुनिया भर के लोग भी भारत का बजट देखते हैं। मौजूदा सरकार के आर्थिक नजरिए की तुलना पिछली यूपीए सरकार से करते हुए रिजिजू ने कहा कि कैपिटल खर्च में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि अगर आप इसकी तुलना यूपीए सरकार के समय से करें, तो कैपिटल खर्च में बहुत बड़ी बढ़ोतरी हुई है। अब यह लगभग 12.5 लाख करोड़ रुपए है। उन्होंने कांग्रेस पर बजट को लेकर नेगेटिव सोच के साथ लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। रिजिजू ने कहा कि बजट के बारे में कांग्रेस की सोच इतनी नेगेटिव है कि वे लोगों को गुमराह कर रहे हैं। दुनिया जानती है कि भारत आर्थिक रूप से तेजी से तरक्की कर रहा है। यह ऐसी बात नहीं है जिसके बारे में झूठ बोला जाए। भारत की बढ़ती ग्लोबल आर्थिक हैसियत पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया भारत के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करना चाहती है। पहले हम मोबाइल फोन एक्सपोर्ट नहीं करते थे, लेकिन अब हम दूसरे लेवल पर तरक्की कर रहे हैं। ये वो बातें हैं जिन्हें विपक्ष देखने से मना कर रहा है।



## बजट 2026 के दूसरे दिन सोना-चांदी में भारी गिरावट

(एजेंसी) नई दिल्ली। यूनियन बजट 2026 पेश होने के अगले दिन घरेलू कमोडिटी मार्केट में प्रेशियस मेटल्स पर जबरदस्त बिकवाली का दौर जारी है। सोमवार, 2 फरवरी को एमसीएक्स पर सोने और चांदी के फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स में भारी गिरावट दर्ज की गई, जिससे निवेशकों में हड़कंप मच गया। एमसीएक्स पर 5 फरवरी 2026 एक्सपायरी वाला गोल्ड फ्यूचर कॉन्ट्रैक्ट शुरुआती कारोबार में 1,41,085 रुपये प्रति 10 ग्राम के हाई पर पहुंचा था, लेकिन बाद में तेजी से लुढ़ककर लगभग 1,35,589 रुपये तक गिर गया। पिछले सत्र के क्लोजिंग लेवल 1,42,510 रुपये से यह करीब 6,900-7,000 रुपये की भारी गिरावट दर्शाता है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि बजट में इम्पोर्ट ड्यूटी में कोई बदलाव नहीं होने और ग्लोबल मार्केट में प्रॉफिट बुकिंग के चलते यह गिरावट आई है। एमसीएक्स पर 5 मार्च 2026 एक्सपायरी वाला सिल्वर फ्यूचर 2,48,875 रुपये प्रति किलो पर ट्रेड कर रहा था, जो पिछले दिन के क्लोज से लगभग 16,700 रुपये (कुछ रिपोर्ट्स में 30,000 तक) की गिरावट दिखाता है। इंट्राडे हाई 2,67,501 रुपये रहा, लेकिन लोअर सर्किट हिट होने से कीमतें और नीचे आईं। सिल्वर में 12: तक की गिरावट देखी गई, जो पिछले कुछ दिनों की रिकॉर्ड हाई से भारी करेक्शन का संकेत है।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व यूपी समेत 12 राज्यों के धर्मातरण विरोधी कानूनों पर जारी किया नोटिस, 4 हफ्ते में मांगा जवाब

(एजेंसी) नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने धर्मांतरण रोधी कानूनों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली नेशनल काउंसिल ऑफ चर्चेज इन इंडिया (एनसीसीआई) की नयी याचिका पर सोमवार को केंद्र के साथ-साथ राजस्थान और अरुणाचल प्रदेश सहित 12 राज्यों को नोटिस जारी किया। एनसीसीआई द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा के जरिये दाखिल इस जनहित याचिका में धर्मांतरण रोधी कानूनों के क्रियान्वयन पर तत्काल रोक लगाने का अनुरोध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एनसीसीआई की दलीलों पर संज्ञान लेते हुए केंद्र तथा 12 राज्य सरकारों से चार सप्ताह के भीतर जवाब तलब किया। प्रधान न्यायाधीश ने नयी जनहित याचिका को इसी मामले में दाखिल अन्य याचिकाओं के साथ संबद्ध करने का निर्देश देते हुए कहा कि तीन न्यायाधीशों की पीठ इन सभी पर एक साथ सुनवाई करेगी। केंद्र सरकार का पक्ष रखने के लिए पीठ के समक्ष उपस्थित हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि राज्य के कानूनों को चुनौती देने वाली इसी तरह की याचिकाएं लंबित हैं। उन्होंने कहा, हमारा जवाब तैयार है और जल्द ही दाखिल किया जाएगा। अरोड़ा ने दलील दी कि ओडिशा और राजस्थान ने भी अपने अलग-अलग कानून बनाए हैं जिन्हें पूर्व में दाखिल याचिकाओं में चुनौती नहीं दी गई है। उन्होंने कहा, अन्य अधिनियमों में भी संशोधन किया गया है जिन्हें चुनौती नहीं दी गई है। मैं सभी स्थायी अधिवक्ताओं को नोटिस देना चाहती हूं। पीठ ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा, नोटिस जारी करें। प्रत्येक नोटिस की एक प्रति राज्यों के महाधिवक्ताओं को भी भेजी जाए। केंद्र और 12 राज्यों की ओर से चार सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल किया जाए। प्रतिवादी एक संयुक्त जवाबी हलफनामा दाखिल करें। मामले के महत्व के मद्देनजर इसे तीन न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष प्रस्तुत कियाजाए। ईसाई निकाय का पक्ष रखने के लिए पेश हुईं अरोड़ा ने दलील दी कि कुछ राज्य कानून ऐसे हैं जो तथाकथित धर्मांतरण के खिलाफ सतर्कता समूहों को शिकायत करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, और इसलिए कई शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। सॉलिसिटर जनरल ने इन दलीलों का विरोध करते हुए कहा कि ये कानून उच्चतम न्यायालय की पांच न्यायाधीशों की पीठ के फैसले के दायरे में आते हैं। केंद्र के अलावा, पीठ ने राजस्थान, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, झारखंड, उत्तराखंड, हरियाणा, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश को भी नोटिस जारी किए। शीर्ष अदालत ने 16 सितंबर, 2025 को कई राज्यों द्वारा पारित धर्मांतरण रोधी कानूनों पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर संबंधित राज्यों से जवाब तलब किया था। पीठ ने स्पष्ट किया था वह ऐसे कानूनों के संचालन पर रोक लगाने की प्रार्थना पर जवाब मिलने के बाद विचार करेगी। शीर्ष अदालत कई राज्यों द्वारा पारित धर्मांतरण रोधी कानूनों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। मामले में संवाद को सुव्यवस्थित करने के लिए शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सृष्टि को और प्रतिवादी राज्यों की ओर से अधिवक्ता रुचिरा को नोडल अधिवक्ता नियुक्त किया है। इससे पहले, केंद्र ने अंतरधार्मिक विवाहों के कारण धर्मांतरण को विनियमित करने वाले विवादास्पद राज्य कानूनों को चुनौती देने में कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ के गैर सरकारी संगठन शसिटीजन्स फॉर जस्टिस एंड पीसश की ओर से याचिका दाखिल करने पर सवाल उठाया था।



## मनरेगा परिवर्तनकारी कानून था, जी राम जी अधिनियम खामियों से भरा है : कांग्रेस

(एजेंसी) नयी दिल्ली कांग्रेस ने सोमवार को दावा किया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) एक परिवर्तनकारी कानून था, जबकि मोदी सरकार द्वारा लाया गया विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम खामियों से भरा हुआ है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पुरानी तस्वीर साझा कर दोनों कानूनों की तुलना की। यह तस्वीर आंध्र प्रदेश की एक महिला लाभार्थी को सबसे पहले मनरेगा जॉब कॉर्ड प्रदान किए जाने से संबंधित है। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, आज से ठीक 20 साल पहले, मनरेगा को आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के बदनापल्ली गांव में शुरू किया गया था। इन 20 वर्षों के दौरान, मनरेगा ने ग्रामीण परिवारों (विशेष रूप से महिलाओं) को 180 करोड़ कार्य-दिवस प्रदान किए, अनुमानित 10 करोड़ सामुदायिक परिसंपत्तियां तैयार कीं, पलायन को काफी हद तक कम किया, ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाया और ग्रामीण गरीबों की ज्यादा मजदूरी के लिए मोलभाव करने की शक्ति को निर्णायक रूप से बढ़ाया है। उनका कहना है कि मनरेगा ने इसकी मजदूरी को सीधे बैंक और डाकघर खातों में जमा करने के लिए प्रत्यक्ष अंतरण पहल की भी शुरुआत की। पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा, मनरेगा एक मांग-आधारित कानूनी गारंटी अधिनियम था, सिर्फ एक प्रशासनिक वादा नहीं था। यह संविधान के अनुच्छेद 41 से मिला हुआ एक अधिकार था। नागरिकों द्वारा मांग किए जाने पर काम आवंटित किया जाता था और ग्रामीण भारत में कहीं भी उपलब्ध कराया जाता था। परियोजनाओं का निर्णय स्थानीय ग्राम पंचायत करती थी, और कुल लागत का केवल 10 प्रतिशत वहन करने के कारण राज्य सरकार को बिना बड़े वित्तीय बोझ के काम उपलब्ध कराने के लिए प्रोत्साहन मिलता था। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार का नया कानून केवल नयी दिल्ली में केंद्रीकरण की गारंटी देता है। रमेश ने कहा, अब काम कुछ चुनिंदा जिलों में मोदी सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाएगा। काम नागरिकों की मांग के बजाय सरकार द्वारा आवंटित बजट के आधार पर दिया जाएगा। यह योजना हर साल दो महीनों के लिए यानी कृषि गतिविधियों के दौरान पूरी तरह बंद रहेगी जो श्रमिकों की मोलभाव करने की शक्ति के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि वे कृषि कार्य के वास्ते बेहतर वेतन के लिए मोलभाव नहीं कर पाएंगे। पंचायत को हाशिए पर डाल दिया गया है और परियोजनाएं मोदी सरकार अपनी प्राथमिकताओं के अनुसार तय करेगी। ष कांग्रेस नेता ने कहा, अब राज्यों को लागत का 40 प्रतिशत वहन करना होगा, उनकी वित्तीय तंगी को देखते हुए वे ऐसा नहीं कर पाएंगे और काम देना ही बंद कर देंगे। रमेश का कहना है कि मनरेगा एक परिवर्तनकारी कघनून था, जबकि मोदी सरकार की नई योजना खामियों से भरी हुई है।



## राजधानी में कोहरे के साथ प्रदूषण की दस्तक, दिल्ली की हवा फिर बिगड़ी

(एजेंसी) नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार सुबह घना कोहरा छाया रहा और औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मध्यम श्रेणी में दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, तड़के पालम और सफदरजंग दोनों स्थानों पर दृश्यता घटकर 100 मीटर रह गई। दिल्ली में एक्यूआई 188 रहा जबकि 21 केंद्रों पर वायु गुणवत्ता शमध्यमश श्रेणी में थी और 16 केंद्रों पर यह खराब श्रेणी में दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के समीर ऐप के अनुसार, तीन निगरानी केंद्रों का एक्यूआई डेटा तत्काल उपलब्ध नहीं था जबकि लोधी रोड केंद्र में एक्यूआई 116 दर्ज किया गया, जो सभी केंद्रों में सबसे कम था। सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 को संतोषजनक, 101 से 200 को मध्यम, 201 से 300 को खराब, 301 से 400 को बहुत खराब और 401 से 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में माना जाता है। वायु गुणवत्ता पूर्व-चेतावनी प्रणाली (एक्यूईडब्ल्यूएस) के अनुसार, दिल्ली की वायु गुणवत्ता अगले दो दिनों तक खराब श्रेणी में रह सकती है जबकि अगले छह दिनों के लिए भी वायु गुणवत्ता के खराब श्रेणी में रहने का अनुमान है। आईएमडी ने बताया कि सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से थोड़ा अधिक है जबकि पालम में न्यूनतम तापमान सामान्य से थोड़ा अधिक 10.7 डिग्री सेल्सियस रहा। लोधी रोड और रिज सहित दिल्ली के अन्य हिस्सों में न्यूनतम तापमान 11 से 11.4 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में अधिकतम तापमान के 17 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान के 10 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहने की संभावना है।




### अशोक लेलैंड की जनवरी में कुल बिक्री 27 प्रतिशत बढ़ी

(एजेंसी) नई दिल्ली। वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी अशोक लेलैंड की कुल बिक्री जनवरी में 27 प्रतिशत बढ़कर 21,920 इकाई पर पहुंच गई। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने 17,213 वाहन बेचे थे। अशोक लेलैंड ने सोमवार को बयान में कहा कि उसकी घरेलू बिक्री 31 प्रतिशत बढ़कर 20,079 इकाई रही, जबकि जनवरी, 2025 में यह 15,327 इकाई थी। कंपनी ने बताया कि घरेलू बाजार में मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 12,833 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 9,864 इकाई थी। कंपनी ने कहा कि पिछले महीने घरेलू बाजार में हल्के वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 7,246 इकाई रही, जो एक साल पहले समान महीने में 5,463 इकाई रही थी।

## कश्मीर में धीरे-धीरे बदल रहा मौसमय श्रीनगर की रातें थोड़ी गर्म, न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री दर्ज

(एजेंसी) श्रीनगर। कश्मीर में रात के तापमान में मामूली वृद्धि दर्ज की गई। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस मौसम के औसत तापमान से तीन डिग्री अधिक है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। कश्मीर में चिल्ला-ए-कलां के समाप्त होने के बाद से श्रीनगर में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे लेकिन लगातार बढ़ोतरी हो रही है। बारामूला जिले का प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग जम्मू-कश्मीर का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां तापमान शून्य से आठ डिग्री नीचे दर्ज किया गया। दक्षिण कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 5.5 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। वहीं, काजीगुंड का न्यूनतम तापमान 0.7 डिग्री, कोकरनाग का शून्य से 0.6 डिग्री नीचे दर्ज किया गया जबकि कुपवाड़ा में यह शून्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। चालीस दिनों की भीषण सर्दी चिल्ला-ए-कलां के समाप्त होने के बाद शनिवार से 20 दिन का चिल्ला-ए-खुर्द (हल्की सर्दी) शुरू हो गया है। चिल्ला-ए-खुर्द के बाद 10 दिन का शचिल्ला-ए-बच्चा (मामूली सर्दी) शुरू होगा। इसी के साथ, मौसम विभाग ने सोमवार और मंगलवार को हल्की बारिश और ऊपरी इलाकों में बर्फबारी की संभावना जताई है।

# सम्पादकीय

## नया संसद भवन-चीन ने नेपाल को दिया झटका

नेपाल में कड़ाके की ठंड के बावजूद चुनावी माहौल गर्माता जा रहा है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूंकि पांच मार्च को होने वाले आम चुनाव के लिए तीन राजनीतिक दलों ने प्रधानमंत्री पद के वास्ते अपने–अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। देश के सबसे बड़े वामपंथी दल कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूनिफाइड मार्क्सिस्ट–लेनिनिस्ट) ने पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली (74) को प्रधानमंत्री पद के लिए अपना उम्मीदवार आधिकारिक रूप से घोषित किया है। वहीं, नेपाल के सबसे पुराने दल नेपाली कांग्रेस और नवगठित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने 50 वर्ष से कम उम्र के उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। तो वहीं दूसरी ओर 5 मार्च को होने वाले आम चुनाव और उसके पखवाड़े भर में नतीजे आने की संभावना के बीच नेपाल पर अपने नए संसद भवन का निर्माण समय पर पूरा करने का दबाव बढ़ता जा रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण के लिए भवन तैयार करना सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, संविधान के तहत प्रतिनिधि सभा के चुनाव परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के भीतर संसद सत्र बुलाना अनिवार्य है। ऐसे में समय पर भवन उपलब्ध कराना सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी भी है। बीते एक दशक से संसद एक किराए के भवन में संचालित हो रही थी। इसके बाद सरकार ने 2019 में स्थायी संसद भवन और उससे जुड़ी सुविधाओं के निर्माण की शुरुआत की। उसी वर्ष सितंबर में 12 इमारतों की आधारशिला रखी गई थी और इसे तीन वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, इस परियोजना का ठेका चीन की सेकेंड हार्बर इंजीनियरिंग कंपनी और नेपाल की टुंडी कंस्ट्रक्शन के संयुक्त उपक्रम को दिया गया था। हालांकि, पिछले तीन वर्षों में पांचवीं बार समय–सीमा बढ़ाए जाने के बावजूद निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका है। इससे पहले, 1959 के पहले आम चुनाव से लेकर 2006 में संसद की बहाली तक काठमांडू के सिंह दरबार परिसर स्थित गैलरी बैठक में ही संसद संचालित होती रही। दूसरे जन आंदोलन के बाद बहाल हुई संसद, जिसमें पहली बार माओवादी प्रतिनिधि भी शामिल हुए, ने भी इसी भवन से कामकाज किया। नेपाल का यह आंदोलन जन आंदोलन–ए के नाम से जाना जाता है, जो तत्कालीन राजा ज्ञानेंद्र के प्रत्यक्ष शासन के खिलाफ हुआ था। इसमें विभिन्न राजनीतिक दलों और माओवादी विद्रोहियों ने मिलकर संसद की बहाली और लोकतांत्रिक सुधारों की मांग की थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2008 में संविधान सभा के सदस्यों की संख्या बढ़ने के बाद गैलरी बैठक में जगह कम पड़ने लगी। इसके बाद काठमांडू के न्यू बानेश्वर स्थित बीरेंद्र अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र को चुना गया, जिसे सरकार ने किराए पर लिया था। हालांकि, आगजनी की एक घटना के बाद यह भवन उपयोग के लायक नहीं रहा और किराया समझौता भी नवीनी.त नहीं किया गया। आंदोलन के दौरान संसद भवन पहला निशाना बना और 9 सितंबर को इसे पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। इसके बावजूद, अधिकारियों का दावा है कि सिंह दरबार परिसर में निर्माणाधीन नई इमारतें समय पर तैयार हो जाएंगी।



नफीस जाफरी

## भाकियू (किरन) में बड़ा संगठनात्मक बदलाव, पुनीत बने प्रदेश अध्यक्ष

न्यूज वाणी ब्यूरो / सीतापुर, लखनऊ)। भारतीय किसान यूनियन (किरन) ने संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पुनीत कुमार यादव सीतापुर के महोली तहसील क्षेत्र के मूल निवासी है को प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। यह मनोनयन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक यादव द्वारा किया गया। संगठन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार यह निर्णय किसान हितों से जुड़े मुद्दों पर पुनीत कुमार यादव की निरंतर सक्रियता, सामाजिक सरोकारों में भागीदारी और संगठन के प्रति समर्पण को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। वे लंबे समय से किसानों की समस्याओं को उठाते रहे हैं और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। भाकियू (किरन) नेतृत्व का मानना है कि उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता से प्रदेश में किसानों से जुड़े ज्वलंत मुद्दे जैसे फसलों का उचित मूल्य, बिजली दर, सिंचाई, खाद–बीज की उपलब्धता और बकाया भुगतान को मजबूती से उठाया जाएगा। संगठन ने उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में किसान एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए और प्रभावी ढंग से आवाज बुलंद करेंगे। संगठन पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि नए प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन प्रदेश में नई ऊर्जा और रणनीति के साथ आगे बढ़ेगा तथा किसान हितों की लड़ाई को और धार मिलेगी।



## फार्मर रजिस्ट्री कार्य में लापरवाही पर जिला प्रशासन सख्त

### – 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो/ कैमूर। जिला पदाधिकारी कैमूर (भभुआ) द्वारा .षि विभाग अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति की समीक्षा के क्रम में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों की कार्यशैली पर गंभीर असंतोष व्यक्त किया गया है। विगत एक माह के कार्यों के अवलोकन में यह पाया गया है कि संबंधित .षि सलाहकारों एवं .षि समन्वयकों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं की गई है। यह स्थिति संबंधित कर्मियों की कर्तव्यहीनता, लापरवाही तथा वरीय पदाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना को दर्शाती है। जिला पदाधिकारी द्वारा इस गंभीर लापरवाही को संज्ञान में लेते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि वे 24 घंटे के भीतर अपना स्पष्ट एवं संतोषजनक स्पष्टीकरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। स्पष्टीकरण में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित समय–सीमा में संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होता है, तो संबंधित कर्मियों के विरुद्ध चयन मुक्त करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्पष्टीकरण पर निर्णय होने तक संबंधित कर्मियों का वेतन मानदेय अगले आदेश तक स्थगित रहेगा। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि फार्मर रजिस्ट्री कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि अधिक से अधिक किसान सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।



# गोवा में नया राजनीतिक विकल्प देने के लिए "आप" ने किया फ़ोकस



गुलफिशा खान

गुजरात के किसानों की आवाज उठाने पर कई महीनों से जेल में बंद राजू भाई करपड़ा और प्रवीण राम समेत अन्य लोगों को जमानत मिलने को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इसे सच की जीत बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट कर गुजरात की भाजपा सरकार को आड़े हाथ लिया और कहा कि सत्यमेव जयते। उन्होंने कहा कि गुजरात के किसानों की आवाज बने आम आदमी पार्टी के नेता राजू भाई करपड़ा और प्रवीण राम समेत अन्य को कोर्ट से जमानत मिलन सच की जीत है। अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि गुजरात के किसानों की आवाज दबाने के लिए भाजपा ने जुल्म और साजिश का सहारा लिया था, लेकिन वो कोर्ट में बेनकाब हो गया। उन्होंने कहा कि ये गुजरात और किसानों के सम्मान की लड़ाई है और हम इसे जीत कर रहेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि दिल्ली विधानसभा का चुनाव हारने के बाद आप आदमी पार्टी और उसके संयोजक अरविंद केजरीवाल न सिर्फ भाजपा शासित राज्य गुजरात में बल्कि एक अन्य भाजपा शासित राज्य गोवा में अपनी पार्टी के लिए राजनीतिक आधार की तलाश में जुटे हुए हुए हैं। वहीं जहां तक 2027 में होने वाले गोवा विधानसभा चुनावों का सवाल है तो गोवा की राजनीति में बदलाव की आहट अब साफ़ सुनाई देने लगी है। आम आदमी की उम्मीदों, युवाओं की आकांक्षाओं और ईमानदार शासन की चाह को लेकर अरविंद केजरीवाल एक बार फिर पूरे राजनीतिक फोकस के साथ गोवा में सक्रिय नजर आ रहे हैं। गोवा राज्य समिति के साथ हुई बैठक और संवाद केवल एक औपचारिक मुलाकात नहीं थी, बल्कि यह 2027 के विधानसभा चुनावों की ठोस, ज़मीनी और दीर्घकालिक तैयारी का स्पष्ट संकेत है। बैठक में नेताओं ने कहा कि गोवा में बड़े स्तर पर ज़मीन का गलत इस्तेमाल हो रहा है। खेती की खाज़ान ज़मीन को नुकसान पहुँचाया जा रहा है और झीलों व नदियों को भी बर्बाद किया जा रहा है। नेताओं का कहना था कि भाजपा की गलत नीतियों और बिना



सोचे–समझे किए जा रहे विकास के कारण गोवा का पर्यावरण खराब हो रहा है और लोगों की रोज़ी–रोटी पर असर पड़ रहा है। आम आदमी पार्टी की राजनीति हमेशा सत्ता के लिए नहीं, बल्कि जनता के लिए रही है। इसी सोच के साथ आम आदमी पार्टी अब गोवा में संगठन को बूथ स्तर तक मज़बूत करने की दिशा में निर्णायक कदम उठा रही है। केजरीवाल ने पार्टी के राज्य नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक ढांचे, स्थानीय मुद्दों, युवाओं की भागीदारी और जनता से सीधे संवाद की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। यह बैठक इस बात का प्रमाण है कि आम आदमी पार्टी गोवा को लेकर गंभीर है, प्रतिबद्ध है और पूरी तैयारी के साथ आगे बढ़ रही है। गोवा की जनता वर्षों से एक ईमानदार और जनकेंद्रित विकल्प की तलाश में है। पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था होने के बावजूद बेरोज़गारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली और आम नागरिक की अनदेखी जैसे मुद्दे लगातार लोगों को परेशान कर रहे हैं। इन्हीं ज़मीनी सच्चाइयों को समझते हुए केजरीवाल ने स्पष्ट संदेश दिया कि राजनीति सत्ता का साधन नहीं, बल्कि जनता की सेवा का माध्यम होनी चाहिए। यही आम आदमी पार्टी की मूल विचारधारा है और यही विचार गोवा की जनता के दिल से जुड़ रहा है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने यह साबित किया है कि ईमानदार नीयत और सही नीति से शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी जैसे बुनियादी मुद्दों पर ऐतिहासिक काम किए जा सकते हैं। स्कूलों का कायाकल्प, मोहल्ला क्लीनिक, मुत और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं, पारदर्शी प्रशासन और भ्रष्टाचार पर सख्ती ये सभी मॉडल अब देशभर में चर्चा का विषय हैं। गोवा की जनता भी यही चाहती है कि उनके राज्य में विकास का यही मॉडल लागू हो, जहां फैसले जनता के हित में हों, न कि चंद लोगों के फायदे के लिए। केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी गोवा में केवल चुनावी गणित नहीं देख रही, बल्कि जनभावना को समझकर एक मजबूत वैकल्पिक राजनीति खड़ी कर रही है। संगठन को गांव, वार्ड और बूथ स्तर तक मजबूत करना, स्थानीय नेतृत्व को आगे लाना, युवाओं और महिलाओं को राजनीति से जोड़ना, ये सभी कदम 2027 की तैयारी को ठोस आधार देते हैं। यह स्पष्ट है कि आम आदमी पार्टी किसी तात्कालिक लहर पर नहीं, बल्कि स्थायी बदलाव की बुनियाद पर आगे बढ़ रही है। गोवा की जनता के लिए यह संदेश साफ़ है कि बदलाव संभव है। ईमानदार नेतृत्व, साफ़ नीयत और जनता के साथ मिलकर काम करने की राजनीति ही भविष्य का रास्ता है। आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल उसी रास्ते पर पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। 2027 का चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि गोवा की राजनीति की दिशा और दशा बदलने का अवसर बनेगा और आम आदमी पार्टी इस बदलाव की सबसे मजबूत आवाज़ बनकर उभर रही है।

# अमेरिका-ईरान युद्ध किसी के हित में नहीं!



फरीद वारसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान में प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई और उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए सैन्य कार्रवाई की चेतावनी दी है। हालांकि उन्होंने बातचीत के दरवाजे फिलहाल बंद नहीं किए हैं, लेकिन अगर अमेरिका, ईरान के खिलाफ यदि कोई सैन्य कदम उठाता है तो उसके सामने यह बड़ा सवाल होगा कि ईरान के खिलाफ किस तरह ही कार्रवाई की जाए। पिछले कुछ हतों से अमेरिका और ईरान के बीच तीखे बयानों का दौर जारी है. अमेरिका ने पहले ही एक एयरक्राट कैरियर और युद्धपोतों का बेड़ा मिडिल ईस्ट में भेज दिया है। ऐसे में संभावित कार्रवाई के कई विकल्पों पर चर्चा हो रही है। अमेरिका के साथ बढ़ते तनाव और सैन्य टकराव की आशंकाओं के बीच ईरान ने दावा किया है कि दोनों देशों के बीच बातचीत में प्रगति हो रही है। ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि मीडिया में चल रही अटकलों और युद्ध के माहौल के बावजूद कूटनीतिक स्तर पर संवाद की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। हालांकि, इसी बीच ईरान के सेना प्रमुख ने अमेरिका और उसके सहयोगियों को किसी भी सैन्य कार्रवाई के गंभीर परिणामों की चेतावनी भी दी है। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख अली लारीजानी ने कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत के लिए आवश्यक ढांचागत व्यवस्थाएं आगे बढ़ रही हैं और इस संबंध में जानबूझकर भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। लारीजानी का यह बयान ऐसे वक्त में आया है, जब एक दिन पहले ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी मॉस्को में हुई बैठक की जानकारी दी थी, जिसे क्षेत्रीय कूटनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी सार्वजनिक रूप से पुष्टि की है कि दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है। हालांकि, उन्होंने सैन्य दबाव बनाए रखने के संकेत भी दिए। ट्रंप ने फॉक्स न्यूज से बातचीत में कहा कि ईरान अमेरिका से बात कर रहा है और देखा जाएगा कि क्या कोई समाधान निकलता है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका का एक बड़ा नौसैनिक बेड़ा ईरान के पास तैनात किया जा रहा है। गौरतलब है कि हाल ही में ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों पर की गई कार्रवाई के बाद ट्रंप ने हस्तक्षेप की धमकी दी थी। इसके बाद अमेरिका ने यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत के नेतृत्व में युद्धपोतों को ईरान के तटों के पास तैनात कर दिया, जिससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने भी युद्ध की आशंकाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि व्यापक संघर्ष ईरान



और अमेरिका दोनों के हित में नहीं होगा। उन्होंने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अलघसिसी से फोन पर बातचीत में कहा कि ईरान ने कभी युद्ध नहीं चाहा और न ही वह किसी भी स्थिति में युद्ध का समर्थन करता है। उनका कहना था कि युद्ध न केवल दोनों देशों बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए विनाशकारी साबित होगा। क्षेत्रीय स्तर पर तनाव कम करने की कोशिशें भी जारी हैं। कतर के विदेश मंत्रालय ने बताया कि कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी ने तेहरान में अली लारीजानी से मुलाकात कर हालात पर चर्चा की और तनाव घटाने के प्रयास किए। हालांकि, सैन्य टकराव की आशंका अब भी बनी हुई है। ईरान ने चेतावनी दी है कि यदि उस पर हमला किया गया तो वह अमेरिकी ठिकानों, नौसैनिक जहाजों और उसके सहयोगियों खासतौर पर इजरायल को निशाना बना सकता है। ईरान के सेना प्रमुख अमीर हतामी ने साफ कहा कि ईरान की सेनाएं पूरी तरह सतर्क और रक्षात्मक रूप से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी गलत कदम का असर पूरे क्षेत्र की सुरक्षा पर पड़ेगा। ईरान ने यह भी दोहराया है कि उसकी परमाणु तकनीक और विशेषज्ञता को खत्म नहीं किया जा सकता। ईरान का कहना है कि वह परमाणु वार्ता के लिए तभी तैयार होगा, जब उसकी मिसाइल और रक्षा क्षमताओं को बातचीत से बाहर रखा जाएगा। इसी बीच अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने जानकारी दी है कि ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड होर्मुज जलडमरूमध्य में नौसैनिक अभ्यास कर रही है, जिसे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिहाज से बेहद संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। इस पर ईरान ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और इसे अपनी संप्रभुता में दखल करार दिया है।

# बजट-2026: रोना हँसना दोनों मना कार्टून

प्रेम शर्मा

बजट को लेकर वैसे भी आम आदमी की सोच केवल मंहगाई और बेरोजगारी रोकने तक टिकी रहती है। जबकि पक्ष और विपक्ष हमेशा की तरह बजट अपना राग अलापता नजर आया। सरकारी नौकरी पेशा, व्यापारी, उघोगपति और अन्य संवर्ग हमेशा बजट को लेकर अपने हानि लाभ के हिसाब से चर्चा, प्रतिक्रिया देते रहे है। यही बॉत 2026 के केन्द्रीय आम बजट को लेकर सामने आ रही है। विपक्ष और सरकारी सेवकों के नेतृत्व ने जहॉ आम बजट 2026 को एक सिरे से अलाभकारी, आदूदर्शी बताया है वही सत्ता पक्ष से जुड़े नेताओं, केन्द्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों ने जहॉ जमकर आम बजट की सराहना करते हुए इसे दूरगामी लाभकारी बताया है। बहरहाल आम जनता जो दो जून के लिए रोजी रोटी के लिए संघर्ष कर रही है उसके लिए बजट ना रोने जैसा है औ न ही हॅसने जैसा है। बजट में नशें पर भारी टैक्स लादकर बड़ा प्रहार किया गया है। लेकिन इसका फायदा एक बार फिर इस व्यापार को चलाने वाले दिग्गजों के खाते में दर्ज होगा। वैसे सरल शब्दों में कहे तो बजट एक ऐसा प्रयास है जो पारंपरिक राह से ज्यादा भटकता नहीं है, बुनियादी बातों पर कायम रहता है और राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के लक्ष्यों के प्रति विवेकपूर्ण दृष्टिकोण बनाए रखता है। बहरहाल इसे एक निराशाजनक प्रयास कहा जा सकता है। बाजारों से पूछें तो वे इसे और भी बुरा कहेंगे, खासकर शेयरों में आई भारी गिरावट को देखते हुए, जो केंद्रीय बजट पेश होने के बाद पिछले छह वर्षों में देखी गई सबसे बड़ी गिरावट थी। महंगाई और बेरोजगारी को लेकर केन्द्रीय बजट में सरकार की कोई स्पष्ट मंशा सामने नही आई है। अगर बजट की बारीकियॉ आम जनता को समझाने में सत्तारूढ़ पार्टी समझाने में असफल रही तो इसका फायदा आगामी चुनावों में विपक्ष को मिले ऐसी सम्भावनाओं को नकारा नही जा सकता। वैसे तो इस बजट से अलग–अलग सेक्टर से जुड़े देश के नागरिकों की ढेरों उम्मीदें जुड़ी हुई थीं। खासतौर से टैक्स पेयर्स को टैक्स स्लैब में कुछ नए बदलाव और कुछ नई छूट की आशा निराशा में तब्दील कर दी गई। हालांकि कुछ सेक्टर्स में कुछ बड़ी रियायत दिए जाने की घोषणा की गई है। बजट में बड़े और दीर्घकालिक सुधार पर सरकार गति को बनाए रखने के संकेत दिये गए है। हर बार की तरह शराब, सिगरेट व तंबाकू प्रेमियों की जेब ढीली होगी। नये प्रावधानों में विदेशों में पढ़ रहे छात्रों को भेजे जाने वाले पैसे पर टीसीएस कम होगा। माइक्रोवेव्स, सोलर पैनल, चमड़ा उत्पाद, 17 दवाइयां तथा सात दुर्लभ बीमारियों की दवाएं सस्ती होंगी हालांकि, एसटीटी बढ़ाने के मुद्दे पर शेयर बाजार को बजट रास नहीं आया।विदेश यात्रा पैकेज पर भी छूट दी गई है। आने वाले महीनों में जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे, उनका भी बजट में खास ख्याल रखा गया है। दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक व अन्य उत्पादों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दुर्लभ रेयर अर्थ पर ध्यान केंद्रित कर रेयर अर्थ कॉरिडोर बनाने का लक्ष्य रखा गया, जिसमें तमिलनाडु–केरल का खास ध्यान रखा गया। आसन्न चुनाव वाले इन राज्यों के मछुआरों व नारियल उत्पादकों को प्रोत्साहन व छूट दी गई है। इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए इस उद्योग में चालीस हजार करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव है। वहीं सस्ती दवाओं के लिए 'बॉयोफार्मा शक्ति योजना' के लिए दस हजार करोड़ रुपये का प्रावधान होगा, जिससे देश में मधुमेह व कैंसर की सस्ती दवाइयां उपलब्ध हो सकेंगी। दूसरी ओर आसन्न चुनाव वाले राज्यों पश्चिम बंगाल, असम व तमिलनाडु को हाई–स्पीड ट्रेन कॉरिडोर का लाभ देने का प्रस्ताव है। वहीं असम को बौद्ध सर्किट का लाभ दिया गया है। यह योजना बौद्ध तीर्थों के विकास, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा यहां तक कि तीर्थयात्रियों की पहुंच आसान बनाने की कोशिश है। वहीं दूसरी ओर डिजिटल मनोरंजन क्रांति हेतु रचनात्मक बढ़ाने वाली 'ऑरेंज इकॉनोमी' को भी प्राथमिकता बनाया गया है ताकि इस क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि की जा सके। अप्रैल 26 तक नया आयकर कानून लागू करने की बात बजट में कही गई है, जिसमें आयकर रिटर्न की फाइलिंग से जुड़ी समय सीमा और नियमों में बदलाव होगा। निश्चित रूप से दुनिया आपूर्ति शृंखला में जारी वैश्विक उथल–पुथल और टैरिफ युद्ध के बीच राजग सरकार ने आम बजट में आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी है। साथ ही आजादी के सौ साल पूरे होने पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की दिशा में भी कदम बढ़ाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने बजट की दशा–दिशा पर तीन शब्दों में संदेश दिया कि यह स्किल, स्केल और सस्टेनबिलिटी का बजट है। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यह विकास व आत्मनिर्भरता के लिए बजट है। बजट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने युवाओं, किसानों, निवेशकों का जिक्र करते हुए दावा किया कि ये बजट भारत के असली संकटों से अनजान है। राहुल गांधी ने कहा है कि केंद्रीय बजट में भारत के सामने मौजूद वास्तविक संकटों से आंख मूंद ली गई। विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि इसमें आम आदमी के लिए कुछ खास नहीं है। यही नही इस बजट से मिडिल क्लास को खासी उम्मीदें थीं. आयकर में छूट और महंगाई पर काबू जैसे ऐलान के इंतजार कर रहे थे। सीनियर सिटीजन को भी रेल किराये में छूट समेत की उम्मीदें थीं। लेकिन वित्त मंत्री आम आदमी से जुड़े मुद्दों से किनारा करते हुए सरकार के मिशन 2047 पर तथस्थ दिखाई पड़ी। कुल मिलाकर यह बजट मीडिल क्लास, बेरोजगार और कम आय वर्ग के लिए रोना और हॅसना मना जैसे वाक्य का पर्याय साबित हुआ है।

## आत्मनिर्भरता हेतु विकास

राजग सरकार द्वारा रविवार को पेश आम बजट कई मायनों में खास रहा। तमिलनाडु के लोगों की आकांक्षाओं की पर्याय कांजीवरम साड़ी पहने लगातार नौवीं बार बजट पेश करके निर्मला सीतारमण ने नारी शक्ति का परचम ही लहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने बजट की दशा–दिशा पर तीन शब्दों में संदेश दिया कि यह स्किल, स्केल और सस्टेनबिलिटी का बजट है। वहीं गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यह विकास व आत्मनिर्भरता के लिए बजट है। दूसरी ओर विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि इसमें आम आदमी के लिए कुछ खास नहीं है। आम आदमी की जिज्ञासा यही होती है कि क्या सस्ता होगा और किस पर उसकी जेब ढीली होगी। कहा जा रहा है कि माइक्रोवेव्स, सोलर पैनल, चमड़ा उत्पाद, 17 दवाइयां तथा सात दुर्लभ बीमारियों की दवाएं सस्ती होंगी। हर बार की तरह शराब, सिगरेट व तंबाकू प्रेमियों की जेब ढीली होगी। नये प्रावधानों में विदेशों में पढ़ रहे छात्रों को भेजे जाने वाले पैसे पर टीसीएस कम होगा। विदेश यात्रा पैकेज पर भी छूट दी गई है। आने वाले महीनों में जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे, उनका भी बजट में खास ख्याल रखा गया है। दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक व अन्य उत्पादों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दुर्लभ रेयर अर्थ पर ध्यान केंद्रित कर रेयर अर्थ कॉरिडोर बनाने का लक्ष्य रखा गया, जिसमें तमिलनाडु–केरल का खास ध्यान रखा गया। आसन्न चुनाव वाले इन राज्यों के मछुआरों व नारियल उत्पादकों को प्रोत्साहन व छूट दी गई है। हालांकि, एसटीटी बढ़ाने के मुद्दे पर शेयर बाजार को बजट रास नहीं आया। वहीं दूसरी ओर इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए इस उद्योग में चालीस हजार करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव है। वहीं सस्ती दवाओं के लिए 'बॉयोफार्मा शक्ति योजना' के लिए दस हजार करोड़ रुपये का प्रावधान होगा, जिससे देश में मधुमेह व कैंसर की सस्ती दवाइयां उपलब्ध हो सकेंगी। दूसरी ओर आसन्न चुनाव वाले राज्यों पश्चिम बंगाल, असम व तमिलनाडु को हाई–स्पीड ट्रेन कॉरिडोर का लाभ देने का प्रस्ताव है। वहीं असम को बौद्ध सर्किट का लाभ दिया गया है। यह योजना बौद्ध तीर्थों के विकास, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा यहां तक कि तीर्थयात्रियों की पहुंच आसान बनाने की कोशिश है। वहीं दूसरी ओर डिजिटल मनोरंजन क्रांति हेतु रचनात्मक बढ़ाने वाली 'ऑरेंज इकॉनोमी' को भी प्राथमिकता बनाया गया है ताकि इस क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि की जा सके। हर बार नौकरी पेशा वर्ग की आस होती है कि इनकम टैक्स में छूट मिले। लेकिन इस बार किसी स्लैब में परिवर्तन नहीं हुआ। हां, अप्रैल 26 तक नया आयकर कानून लागू करने की बात बजट में कही गई है, जिसमें आयकर रिटर्न की फाइलिंग से जुड़ी समय सीमा और नियमों में बदलाव होगा। निश्चित रूप से दुनिया आपूर्ति शृंखला में जारी वैश्विक उथल–पुथल और टैरिफ युद्ध के बीच राजग सरकार ने आम बजट में आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी है। साथ ही आजादी के सौ साल पूरे होने पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की दिशा में भी कदम बढ़ाया गया है।

# बदमाशों ने बंद मकान को बनाया निशाना, जेवरात सहित नगदी चोरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

चिल्ला, बांदा। चिल्ला थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में बेखौफ चोरो ने बंद मकान को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को दिया अंजाम। चिल्ला थाना क्षेत्र अंतर्गत महेदु गांव मेंअज्ञात बदमाश एक मकान को निशाना बनाकर कमरे का ताला तोड़ कर सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों रुपए का सामान लेकर रफूचक्कर हो गए। बता दें कि मकान मालिक रामायण पढ़ने घर से बाहर चला गया था जब वापस आकर देखा तो उसके घर का ताला टूटा हुआ पड़ा मिला और घर के कमरे में बक्से आदि का समान बिखरा हुआ पड़ा मिला चोरी की घटना देखकर मकान मालिक के होश उड़ गए अंदर रखा जेवरात सोने चांदी आदि के समान चोर ले उड़े ,घटना की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी है। पुलिस पूरे मामले की जानकारी पर जुटी हुई है।



# पत्रकार को परेशान करना पड़ा भारी, मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। अज्ञात व्यक्ति की झूठी शिकायतों से प्रताड़ित हो रहे पत्रकार को परेशान करना व छवि धूमिल करना अब भारी पड़ सकता है। पत्रकार अल्तमश ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। पत्रकार की शिकायत पर एसपी पलाश बंसल ने मामले को संज्ञान लेते हुए नगर कोतवाली में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पत्रकार अल्तमश हुसैन ने दी गई तहरीर पर उल्लेख किया है कि विगत कई वर्षों से अज्ञात व्यक्ति द्वारा गलत नाम पता मोबाइल नंबर का उपयोग करके उनके खिलाफ शासन प्रशासन के अधिकारियों से मनगढ़ंत गलत आरोप लगाते हुए रजिस्ट्री के माध्यम से शिकायत की जाती है। पुलिस जांच में शिकायत कर्ता कभी सामने नहीं आता है और जांच में शिकायत करने वाले व्यक्ति का नाम पता गलत निकलता है। इसी गंभीरता को देखते हुए अज्ञात व्यक्ति के ऊपर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने साइबर सेल, एलआईयू, कोतवाली प्रभारी को जल्द से जल्द रजिस्ट्री के माध्यम से झूठी शिकायत करने वाले व्यक्ति की तलाश कर कठोर कार्यवाही के लिए आदेशित किया है।

# पालिका के नाला निर्माण के खिलाफ डीएम से गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जूली पत्नी जामसन निवासी मो० छाबी तालाब ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है कि नगर पालिका परिषद द्वारा उनके प्लाट की जमीन को दबाकर नाला निर्माण कराने का प्रयास किया जा रहा है, जो कि उनके अधिकारों का हनन है। उन्होने अपने पति के नाम गाटा संख्या 4686/1 रकबा 0.1750 हे0 में से रकबा 0.0041 हे0 बैनामा रजिस्ट्री द्वारा 14 मार्च 2022 को रजिस्ट्री बैनामा द्वारा 60 फुट ग75 फुट यानी कुल 4500 वर्ग फुट यानी 418–21 वर्ग मीटर का रहायसी प्लाट का किया था। पीड़िता ने दो पक्के कमरे बनाकर रह रही है तथा शेष भूमि खाली है जिस पर आम निस्तार करती है। नगर पालिका परिषद द्वारा प्रार्थिया के प्लाट की जमीन को दबाकर नाला निर्माण कराने का प्रयास किया जा रहा है जो कि उनके अधिकारों का हनन है प्रार्थिया ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि किसी सक्षम अधिकारी को मौके पर भेजकर अथवा नाप कराकर जहां से 25 वर्षो से नाला बना चला आ रहा है उसी का अतिक्रमण हटवा कर नाला का निर्माण करायें। साथ ही प्रार्थिया के प्लाट की भूमि को दबाकर नाला का निर्माण रुकवाया जाये।

# नवांगत मंडलायुक्त नागेन्द्र प्रताप ने संभाला पदभार

न्यूज वाणी ब्यूरो



फिरोजाबाद। नागेन्द्र प्रताप ने रविवार को आयुक्त आगरा मण्डल आगरा के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। पदभाग ग्रहण करने के दौरान मण्डल आयुक्त पद से सेवानिवृत्त हुए शैलेन्द्र कुमार सिंह और जिलाधिकारी अरविन्द मलप्पा बंगारी, अपर आयुक्त प्रशासन राजेश कुमार, अपर आयुक्त न्यायिक मंजूलता और आयुक्त पीए पदम चंद्र मिश्रा ने नवागत मण्डल आयुक्त का पदभार ग्रहण करने पर नागेन्द्र प्रताप को बधाई दी। इससे पूर्व नवागत आयुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। बता दें कि नवागत मण्डल आयुक्त नागेन्द्र प्रताप वर्ष 2010 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और मूल रूप से इटावा के रहने वाले हैं। वर्तमान में वे यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी थे। इससे पूर्व वे वर्ष 2016 में आगरा में मुख्य विकास अधिकारी, वर्ष 2017 में लखनऊ यूपी ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और वर्ष 2018 में मथुरा में यूपी ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के साथ मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष तथा वर्ष 2024 में बांदा जिला के जिलाधिकारी के रूप में अपना दायित्व निर्वहन कर चुके हैं।

# एफएस विश्वविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। एफएस विश्वविद्यालय के क्रीड़ा परिसर में तिरुपति ग्रुप के संतोष यादव, कुलाधिपति डॉ. दिलीप यादव, प्रतिकुलाधिपति डॉ. योगेश यादव, ट्रस्टी डॉ. राहुल यादव एवं डॉ. नितिन यादव, कुलपति डॉ. संजीव भारद्वाज तथा महानिदेशक डॉ. अभिनव श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और




सरस्वती माँ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, 100 मीटर, 200 मीटर, 500 मीटर दौड़, गोला फेंक सहित सत्र 2026–27 की कई अन्य वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिताओं का भव्य शुभारम्भ किया। इसके उपरांत अतिथियों ने क्रिकेट प्रतियोगिता के दोनों टीमों के कप्तानों को आमंत्रित कर टॉस कराया तथा खिलाड़ियों से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दीं। खेलकूद प्रतियोगिता के प्रभारी गजेन्द्र यादव एवं डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौहान रहे। कुलाधिपति डॉ. दिलीप यादव ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ–साथ खेल–कूद का भी विशेष महत्व है। खेल अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को विकसित करते हैं, जो जीवन में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक है। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से लगभग 1200 विद्यार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं। विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह, खेल भावना और प्रतिस्पर्धा का वातावरण देखने को मिला।

# पट्टी जयद्रथ खीरी टाउन में सरकारी भूमि पर कब्जे की कोशिश

## - रोहित अवस्थी ने उठाई आवाज

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। जनपद की तहसील लखीमपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पट्टी जयद्रथ खीरी टाउन में सरकारी जमीन को हड़पने का एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय भू–माफियाओं द्वारा सार्वजनिक और सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा करने के प्रयासों के खिलाफ रोहित अवस्थी ने मोर्चा खोल दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए रोहित अवस्थी ने शासन–प्रशासन का दरवाजा खटखटाया है। भू–माफियाओं के हौसले बुलंद प्राप्त विवरण के अनुसार, पट्टी जयद्रथ स्थित गाटा संख्या 130, 130–ख, 131, 131–ख और 132 राजस्व अभिलेखों में सरकारी भूमि के रूप में दर्ज है। रोहित अवस्थी का आरोप है कि पिछले कुछ समय से कुछ दबंग और रसूखदार लोग इस कीमती जमीन पर कब्जा करने की नीयत से घेराबंदी कर रहे हैं। रोहित अवस्थी का कहना है कि यह जमीन सार्वजनिक उपयोग की है, लेकिन निजी लाभ के लिए इस पर अवैध निर्माण या अतिक्रमण की साजिश रची जा रही है। पोर्टल पर दर्ज हुई शिकायत मामले को लेकर रोहित अवस्थी ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है, जिसकी संदर्भ संख्या 40015326002559 है। जिसका निस्तारण एक माह के अंदर अर्थात 19 फरवरी कर राजस्व विभाग को करना है शिकायत में रोहित अवस्थी ने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि यदि तत्काल प्रशासनिक हस्तक्षेप नहीं हुआ, तो सरकारी जमीन का बड़ा हिस्सा भू–माफियाओं के हाथ में चला जाएगा। हालांकि, पोर्टल पर वर्तमान मेंशिकायत की स्थिति श्लंबितश दिखाई दे रही है, जिससे रोहित अवस्थी मेंइस बात को लेकर संशय है कि कार्रवाई कब शुरू होगी। प्रशासन से सीमांकन की मांग रोहित अवस्थी ने जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी से पुरजोर मांग की है कि संबंधित राजस्व अधिकारियों, कानूनगो और लेखपाल की एक संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजी जाए। रोहित अवस्थी का कहना है कि विवादित गाटा संख्याओं का वैज्ञानिक तरीके से सीमांकन (पैमाइश) किया जाए ताकि सरकारी और निजी भूमि के बीच का अंतर स्पष्ट हो सके। साथ ही, उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई और भूमि को पूरी तरह कब्जा मुक्त कराने की अपील की है। रोहित अवस्थी का कहना है कि यदि प्रशासन ने जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए, तो वे न्यायालय का सहारा लेंगें अब देखना यह है कि तहसील प्रशासन इस संवेदनशील मामले में कब तक सक्रियता दिखाता है।


(3) 40015326002559 - शिकायत
Complaint Date 19-01-2026
Complaint Status लंबित
Application Details
श्रीमान जी से निवेदन है कि जनपद लखीमपुर खीरी की तहसील लखीमपुर के ग्राम पट्टी जयद्रथ की भूमि गाटा संख्या 130 130ख 131 131ख 132 जो कि सरकारी भूमि है पर कुछ लोगों के द्वारा कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है उक्त का सक्षम अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा सीमांकन करवाने व भूमि को कब्जा मुक्त कराने की कृपा करें
VIEW ATTACHMENT VIEW STATUS

# तहसील नानपारा सीमा क्षेत्र में अवैध कब्जों पर बड़े एक्शन की तैयारी

## - एसडीएम ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारत–नेपाल सीमा से सटे 0 से 15 किलोमीटर के संवेदनशील क्षेत्र में सरकारी भूमि एवं नो–मेन्स लैंड पर किए गए अवैध अतिक्रमणों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई को लेकर तहसील नानपारा सभागार में उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने राजस्व, पुलिस, एसएसबी एवं वन विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, विधिसम्मत, नियमो के अंतर्गत और समयबद्ध तरीके से संयुक्त रूप से संपन्न की जाए ताकि आम जनमानस में प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत हो। तहसीलदार नानपारा द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में बताया गया कि 0 से 15 किलोमीटर के दायरे में कुल 367 अवैध अतिक्रमण चिन्हित किए गए थे, जिनमें से 184 अतिक्रमण पहले ही हटवाए जा चुके हैं। वहीं 13 अवैध कब्जों को और हटाया जा रहा है। शेष मामलों में से 19 अतिक्रमणों को अगले तीन दिनों के भीतर हटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जबकि बाकी पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने कहा की सीमा क्षेत्र में सुचारू प्रशासन, भूमि संरक्षण और कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हटाये गये कब्जों के स्थान पर दोबारा अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाये। बैठक में मौजूद अधिकारियों द्वारा फील्ड स्तर पर समन्वय बनाकर अभियान को प्रभावी बनाने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा, 42वीं वाहिनी एसएसबी के प्रतिनिधि, उप प्रभागीय वनाधिकारी के प्रतिनिधि (वन क्षेत्राधिकारी), तहसीलदार नानपारा, नायब तहसीलदार नवाबगंज, थाना रूपईडीहा के प्रभारी निरीक्षक तथा नवाबगंज, चरदा व केवलपुर क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित लेखपाल मौजूद रहे।



# खरतनाक स्टंट करने वाले युवकों पर पुलिस ने की कार्रवाई

## - पुलिस ने चार पहिया वाहनों को सीज कर किया चालान

न्यूज वाणी ब्यूरो /बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में



जनपद में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों पर की जा रही कड़ी कार्यवाही के क्रम में सोमवार को सोशल मीडिया पर स्टंट का वीडियो डालने वाले युवकों के चार पहिया वाहनो को सीज करते हुए का चालान किया गया। गौरतलब हो कि सोशल मीडिया पर निगरानी के दौरान मीडिया सेल के संज्ञान में एक वीडियो आया जिसमें कुछ नाबालिक युवकों द्वारा अनियंत्रित होकर चार पहिया वाहनो पर खतरनाक स्टंट कर रहे थे। वीडियो को संज्ञान में लेकर तत्काल यातायात पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए वाहन सं0 यूपी–90एजे/0672 के मालिक पवन पुत्र ब्रजमोहन ग्राम महोखर थाना कोतवाली नगर के वाहन को सीज करते हुए 12500 रुपये का चालान व वाहन सं0 यूपी–90एएच/8190 के मालिक रामू पुत्र रामसनेही ग्राम कालूकुआं थाना कोतवाली नगर के वाहन को सीज करते हुए 9500 रुपये का चालान किया गया। साथ ही वाहन मालिको के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए कड़ी चेतावनी दी गई। बता दे कि पुलिस द्वारा अन्य वाहनों की भी तलाश करते सीज करने की कार्यवाही की जा रही है। पुलिस द्वारा आमजनमानस से अपील की है कि सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए इस तरह के खतरनाक स्टंट न करें यह अपने व आमजनमानस के लिए जानलेवा हो सकता है।

# डीआईजी के आदेश पर चला सघन बैंक चेकिंग अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस. के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में सोमवार को जनपद में सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान का उद्देश्य बैंकों, एटीएम एवं अन्य वित्तीय संस्थानों तथा उनके आसपास होने वाली आपराधिक घटनाओं जैसे लूट, छिनैती, चोरी एवं टप्पेबाजी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना। अभियान के तहत जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा बैंक शाखाओं, एटीएम एवं वित्तीय संस्थानों का सघन निरीक्षण किया गया। चेकिंग के दौरान सुरक्षा मानकों को चेक किया गया, जिसमें सीसीटीवी कैमरे, आपातकालीन अलार्म सिस्टम, अग्निशामक यंत्र, आपातकालीन निकास मार्ग आदि को जांचा गया। बैंक, एटीएम प्रबंधन को 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस टीम द्वारा बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्हें आश्वस्त किया गया। सहयोग बनाए रखने की अपील की गई। साथ ही बैंक के सुरक्षा गार्डों को निर्देशित किया गया कि ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े कराए जाएं, जिससे यातायात व्यवस्था बाधित न हो और वाहन चोरी जैसी घटनाओं को नियंत्रित की जा सके। इस दौरान बैंकों व एटीएम के आसपास संदिग्ध रूप से खड़े अथवा घूम रहे व्यक्तियों एवं वाहनों की भी जांच की गई तथा संदिग्ध पाए जाने पर उन्हें कड़ी चेतावनी भी दी गई।




# संत गुरु रविदास महाराज के जन्मोत्सव धूमधाम से निकाली शोभा यात्रा

## - शोभा यात्रा का उद्घाटन असपा नेता अफजाल खान ने किया

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। संत गुरु रविदास महराज के जन्मोत्सव पर नगर में धूमधाम से शोभायात्रा निकली गई। शोभा यात्रा का कार्यक्रम जगपाल सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा, रामपाल सिंह पूर्व सभासद, जितेन्दर कुमार पूर्व नगर अध्यक्ष बसपा द्वारा आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन चेयरमैन पति अफजाल खान असपा नेता द्वारा रिबिन काट कर किया गया। संत गुरु रविदास महराज के जन्मोत्सव पर नगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शोभायात्रा थाना नानौता पुलिस प्रभारी नवीन कुमार द्वारा कड़ी सुरक्षा व कानून व्यवस्था के बीच बैण्ड बाजों ढोल नगाडो व सुन्दर सुन्दर झाँकियों के साथ धूमधाम से निकाली गई जिसमे तहसीलदार जितेन्द्र कुमार भी शामिल रहे। शोभा यात्रा के कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि नगर पंचायत चेयरमैन पति अफजाल खान ने शोभायात्रा का शुभारम्भ पहले केक काट कर व संयुक्त रूप से रिबिन काटकर शोभायत्रा का उद्घाटन किया। रविदास मन्दिर मेंन बाजार नानौता से निकाली गई शोभा यात्रा नगर के विभिन्न चोंक चौराहों से होकर मैन बाजार स्तिथ रविदास मन्दिर पर ही सम्पन्न हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि असपा नेता अफजाल खान ने शोभा यात्रा में शामिल लोगो से अपील करते हुए कहा संत गुरु रविदास महाराज जयंती (रैदास जयंती) भक्तिकाल के महान संत, कवि और समाज सुधारक रविदास की शिक्षाओं, समानता और भाईचारे के संदेश का सम्मान करने के लिए हर साल माघ पूर्णिमा को मनाई जाती है। यह दिन उनके द्वारा जातिवाद–छुआछूत के विरोध और प्रेम–मानवता के प्रचार को याद करने का अवसर है। इस अवसर पर हम सबको शपथ लेनी चाहिए कि हम आज के बाद कभी नशे का सेवन नही करेंगे। असपा नेता अफजाल खान ने सभी लोगो को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया और कहा यही भारत की असली तस्वीर है हम एक साथ मिलजुलकर एक दूसरे के त्यौहार मनाते है इससे आपसी भाईचारा मजबूत होता है। इस मौके पर राज सिंह शशिकांत रविकांत फैयाज अली दिलशाद राणा शोंक राजा आदि उपस्थित रहे।



# तजवापुर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान क्विज प्रतियोगिता संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। राष्ट्रीय आविष्कार योजना के अंतर्गत बच्चों में वैज्ञानिक जागरूकता व खोज प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ब्लॉक संसाधन केंद्र तजवापुर में विज्ञान प्रदर्शनी के साथ–साथ क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालय के साथ–साथ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के बच्चों ने भी प्रतिभाग किया। आज की प्रतियोगिता



में समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों से लगभग 200 बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विज्ञान विषय से जुड़े 25 वस्तुनिष्ठ प्रश्न व साक्षात्कार के माध्यम से प्रतियोगिता संपन्न कराई गयी। प्रतियोगिता में समस्त बच्चों में से सर्वश्रेष्ठ 25 बच्चों का चयन करते हुए साक्षात्कार के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ 10 बच्चों का चयन किया गया। विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के लिए सर्वश्रेष्ठ पांच बच्चे अंश मिश्रा, राधिका बाजपेई उच्च प्राथमिक विद्यालय ढोढयाल, राम प्रकाश यादव उच्च प्राथमिक विद्यालय यादवपुर, किशन अवस्थी उच्च प्राथमिक विद्यालय वीरशाहपुर तथा सोनिल उच्च प्राथमिक विद्यालय चेतरा रहे। सर्वश्रेष्ठ 25 बच्चों में से रेंडम सेंपलिंग के आधार पर पांच टीमों का चुनाव करते हुए उनके बीच में क्विज प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। क्विज प्रतियोगिता में टीम ए विजेता टीम रही, जिसमें अंश मिश्रा, टीकाराम ,सचिन, सोनाक्षी व सोनिल शामिल रहे। ये बच्चे जनपद स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। इस तरह कुल 10 बच्चे, 5 बच्चे विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के लिए तथा 5 बच्चे क्विज प्रतियोगिता के लिए जनपद स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। सभी बच्चों को स्टेशनरी किट, प्रमाण पत्र, मोमेंटो, बैग, कॉपी, ज्योमेट्री बॉक्स माइक्रोस्कोप किट तथा विज्ञान से जुड़ी पुस्तक प्रदान की गई। कार्यक्रम को सुचितापूर्ण संपन्न कराने में खंड शिक्षा अधिकारी रणजीत कुमार की मुख्य भूमिका रही। समस्त एआरपी आशुतोष शर्मा ,चंद्रशेखर वर्मा, रश्मि मद्धेशिया तथा नरेंद्र कुमार राय का आवश्यक सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आनंद कुमार पाठक, जिला मंत्री विजय कुमार उपाध्याय, प्रद्युम्न कुमार पांडे, कौशल कुमार शुक्ला, नीरज श्रीवास्तव, उमा सोनी, पूजा दीक्षित, अनिल कुमार सिंह, सतीश कुमार पांडेय, शैलेंद्र कुमार, अनुराग मिश्रा, अवधेश गुप्ता, गरिमा सिंह, स्नेहा पांडे, गायत्री तिवारी, मांडवी शाही आदि उपस्थित रहे।

# नेपाल के कैसीनो में भारतीय युवाओं का बढ़ता आकर्षण

## – मुत शराब बना रही है लत

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारत–नेपाल सीमा से सटे इलाकों में स्थित नेपाल के कैसीनो भारतीय युवाओं के लिए तेजी से आकर्षण का केंद्र बनते जा रहे हैं। कैसीनो में बार–बार हो रही पार्टियों और मुत में परोसी जा रही शराब के कारण बड़ी संख्या में भारतीय युवा वहां पहुंच रहे हैं जो समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। इस संबंध में धानीराम वर्मा एडवोकेट ने कहा कि नेपाल के कैसीनो भारतीय युवाओं को जानबूझकर मुत शराब और अन्य सुविधाओं का लालच देकर अपनी ओर खींच रहे हैं। इससे युवा पीढ़ी नशे और जुए की लत में फंसती जा रही है, जिसका दुष्प्रभाव परिवार और समाज दोनों पर पड़ रहा है। वहीं अनूप मिश्रा ने कहा कि सीमा के नजदीक होने के कारण युवाओं का नेपाल जाना आसान हो गया है। प्रशासन की ढिलाई और निगरानी की कमी के चलते यह प्रवृत्ति लगातार बढ़ रही है, जिस पर रोक लगाना बेहद जरूरी है। मुन्ना यादव ने भी इस पर चिंता जताते हुए कहा कि कैसीनो संस्ति भारतीय युवाओं को गलत रास्ते पर ले जा रही है। मुत शराब और चकाचौंध भरे माहौल में युवा अपनी कमाई और भविष्य दोनों बर्बाद कर रहे हैं। सरकार और प्रशासन को इस पर सख्त कदम उठाने चाहिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो आने वाले समय में इसका सामाजिक और पारिवारिक ताना–बाना बुरी तरह प्रभावित हो सकता है।

# विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर सुखदेव तालाब में संरक्षण का लिया संकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर सोमवार को जनपद में वन विभाग द्वारा जन–जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुखदेव तालाब में किया गया, जिसमें आर्द्रभूमियों के संरक्षण, संवर्धन एवं उनके पारिस्थितिक महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा की गई। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, पर्यावरण प्रेमी, स्थानीय नागरिकों एवं छात्र–छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। अधिकारियों ने बताया कि आर्द्रभूमियाँ जैव विविधता के संरक्षण, भू–जल स्तर बनाए रखने तथा पर्यावरण संतुलन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को आर्द्रभूमि संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई तथा यह संकल्प लिया गया कि तालाबों, झीलों एवं जलस्रोतों को प्रदूषण व अतिक्रमण से मुक्त रखा जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि जलस्रोतों का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए आवश्यक है। वन विभाग द्वारा लगाए गए जागरूकता बैनरों के माध्यम से आर्द्रभूमियों के लाभ, वन्यजीवों पर उनके प्रभाव तथा जल संरक्षण के उपायों की जानकारी दी गई। अंत में सहभागियों को आर्द्रभूमि संरक्षण हेतु व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर पर प्रयास करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनसामान्य में सकारात्मक संदेश गया।

# अवैध असलहा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अवैध शस्त्रों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण




एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा देखरेख शान्ति व्यवस्था चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन के दौरान 01 फरवरी को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त हुब्बलाल उर्फ हुब्बा पुत्र फूलसिंह निवासी मोहम्मदपुर थाना टूण्डला को एक तमंचा 312 बोर व 01 कारतूस 312 बोर जिन्दा के वसई बम्बा पुलिया से प्रकाशानन्द कालोनी की ओर जाने वाले वाले रास्ते से गिरतार किया गया। अभियुक्त हुब्बलाल उर्फ हुब्बा पुत्र फूलसिंह निवासी मोहम्मदपुर थाना टूण्डला से बरामदगी/गिरतारी के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 60/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजी.त किया गया।

# उद्योग बंधु समिति की बैठक छह को

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र ने बताया कि जनपद के उद्यमियों की समस्याओं के समाधान हेतु माह जनवरी की जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की मासिक बैठक 06 फरवरी को अपराह्न 03 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में संपन्न होगी, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह द्वारा की जाएगी। बैठक में उद्यमियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं, सुझावों एवं औद्योगिक विकास से जुड़े विषयों पर विस्तार से विचार–विमर्श किया जाएगा।

# ट्राइडेंट एकादश ने मून लाइट एकादश को हराकर खिताब किया अपने नाम

न्यूज वाणी ब्यूरो

कानपुर। डीएवी मैदान में रविवार को खेले गए संडे क्रिकेट लीग के फाइनल मुकाबले में ट्राइडेंट एकादश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मून लाइट एकादश को एकतरफा मुकाबले में पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पहले




बल्लेबाजी करते हुए मून लाइट एकादश की टीम 25 ओवर में 10 विकेट खोकर मात्र 74 रन ही बना सकी। टीम की बल्लेबाजी अफाक बाबा की घातक गेंदबाजी के सामने पूरी तरह लड़खड़ा गई। अफाक बाबा ने 6 ओवर में 2 मेडन डालते हुए केवल 5 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। वहीं अनूप दीक्षित ने भी प्रभावी गेंदबाजी करते हुए 6 ओवर में 20 रन देकर 1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ट्राइडेंट एकादश ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 13वें ओवर में ही तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। विष्णु ने 35 रन तथा डॉ. फहीम ने 22 रनों की नाबाद पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लेने वाले वत्सल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं पूरे टूर्नामेंट में अपनी मजबूत और सशक्त कप्तानी के लिए कप्तान मनीष दुबे की जमकर सराहना हुई। ट्राइडेंट एकादश ने पूरे टूर्नामेंट में कोई भी मुकाबला नहीं गंवाया और पांच महीने की कड़ी मेहनत के बाद फाइनल में एकतरफा जीत दर्ज की। टीम के अन्य खिलाड़ियों सूरज, नवीन, पेट्रो, दीपक, मयंक, हिमांशु, निशांत एवं तरुण.की भूमिका भी सराहनीय रही। फाइनल मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे, जिन्होंने मैच का भरपूर आनंद उठाया।

# पालीथिन मुक्त अभियान के तहत फैलाई जागरूकता

## – लालजी टंडन पार्क में वितरित किए झोले

न्यूज वाणी ब्यूरो





लखनऊ। जोन–6 वार्ड आचार्य नरेंद्र देव–99 में एलएसए टीम व नगर निगम द्वारा पॉलीथिन मुक्त अभियान के अंतर्गत जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को पॉलीथिन के हानिकारक प्रभावों के प्रति सजग करना और उन्हें पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित करना था। लालजी टंडन पार्क में लोगो को लखनऊ स्वच्छता अभियान टीम के द्वारा झोले वितरण किये गये। वही लखनऊ नगर आयुक्त गौरव कुमार द्वारा मॉडल वार्ड निरीक्षण किया जिसमे लखनऊ स्वच्छता अभियान प्रा.लि. के जोनल श्रीनिवास की अध्यक्षता वार्ड को लगातार बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर अंतर्गत मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक विशुद्धानंद त्रिपाठी नगर निगम जोनल, पार्षद मनीष रस्तोगी सहित लखनऊ स्वच्छता अभियान प्रा.लि. के जोनल श्रीनिवास, एलएसए यूनिट इंचार्ज बिलाल सिद्दीकी, पर्यवेक्षक नेहान हैदर, लखनऊ स्वच्छता अभियान की आईसी एव ऑपरेशन टीम एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा (प्रवीन कुमार गुप्ता) जन्म दिनाकं 04.01.1980 को घर पर हुआ था। माता का नाम संतोष कुमारी है। अज्ञानतावश प्रवीन कुमार गुप्ता का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। प्रवीन कुमार गुप्ता के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी।

प्रवीन कुमार गुप्ता पुत्र शिव कुमार गुप्ता निवासी अशोक नगर शहर तहसील व जिला फतेहपुर।

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

# प्राथमिक विद्यालय भाऊपुर के गेट पर अवैध कब्जा

## - बच्चों की सुरक्षा पर मंडराया खतरा

## - एसडीएम के आदेश के बावजूद लेखपाल पर लापरवाही के आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

सैफई, इटावा। प्राथमिक विद्यालय भाऊपुर के मुख्य द्वार के सामने वर्षों से चले आ रहे अवैध कब्जे ने अब बच्चों की शिक्षा ही नहीं बल्कि उनकी सुरक्षा को भी गंभीर खतरे में डाल दिया है। विद्यालय के ठीक सामने ग्रामीणों द्वारा गाय–भैंस बांधना, ट्रैक्टर के हल और थ्रेसर खड़ा करना आम बात हो गई है। बरसात के मौसम में हालात और भी बदतर हो जाते हैं, जब कीचड़, गंदा पानी और पशुओं की वजह से छोटे–छोटे बच्चों का विद्यालय तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। मामला प्रशासनिक स्तर पर भी पहुंचा, लेकिन समाधान नहीं हो सका। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने सबसे पहले खंड शिक्षा अधिकारी को लिखित शिकायत दी। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी ने एसडीएम सैफई को पत्र भेजकर अवैध कब्जा हटवाने की मांग की। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की जिम्मेदारी तत्कालीन लेखपाल अजय यादव को सौंपी, लेकिन आरोप है कि लेखपाल ने मौके पर पहुंचना तक जरूरी नहीं



समझा और आदेश की अनदेखी कर दी। माइनर सफाई में लापरवाही से बढ़ी परेशानी स्थिति तब और गंभीर हो गई जब माइनर की सिल्ट सफाई के दौरान ठेकेदार द्वारा निकाली गई गंदगी और कीचड़ विद्यालय के सामने ही डाल दी गई। इसकी सफाई आज तक नहीं कराई गई, जिससे वहां बदबू फिसलन और गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इससे बच्चों और शिक्षकों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हर दिन हादसे का खतरा विद्यालय के सामने बंधे जानवर कभी भी बच्चों को चोट पहुंचा सकते हैं। ग्रामीणों से जानवर हटाने का अनुरोध करने पर विवाद की स्थिति बन जाती है। इतना ही नहीं, स्कूल मार्ग की पटरी और सड़क पर अवैध गुमटी रख दी गई है, जिससे बच्चों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। माइनर की पटरी पर गोबर के उपले रख दिए गए हैं, जिससे बारिश में रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो जाता है। रनुआं गांव से आने वाले बच्चों की परेशानी सबसे ज्यादा है। कच्चे रास्ते में पानी भर जाने पर बच्चे पहले माइनर की पटरी से होकर विद्यालय आते थे, लेकिन अब वहां भी कब्जा कर लिया गया है। अभिभावकों में भारी रोष है और वे हर दिन किसी बड़े हादसे की आशंका जता रहे हैं। ग्रामीणों और अभिभावकों ने एसडीएम सैफई से तत्काल अवैध कब्जा हटवाने तथा आदेश की अनदेखी करने वाले लेखपाल अजय यादव के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मासूम बच्चों की सुरक्षा से जुड़े इस गंभीर मामले में अब सबकी नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी है।

# अवैध तमंचा सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

## - आरोपी के कब्जे से हथियार व कारतूस बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद




में अपराध एवं अवैध शस्त्रों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना ऊसराहार पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को अवैध तमंचे एवं कारतूसों के साथ गिरतार किया गया। पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के क्रम में अभियुक्त अविलाल उर्फ अभिलाल पुत्र मेहताब सिंह, निवासी ग्राम वैदपुरा थाना ऊसराहार मूल निवासी ग्राम गिरधारीपुरा थाना भरथना को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस 315 बोर तथा एक खोखा कारतूस बरामद किया गया। इस संबंध में थाना ऊसराहार पर मु0अ0सं0 13/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजी.त किया गया है। पुलिस द्वारा अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की भी जांच की गई, जिसमें उसके विरुद्ध पूर्व में भी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज पाया गया। अभियुक्त पर मु0अ0सं0 373/2007 धारा 120बी, 302, 307 भादवि थाना भरथना का भी अभियोग पंजी.त रहा है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त से पूछताछ कर अवैध शस्त्र की आपूर्ति से जुड़े संभावित स्रोतों की जानकारी जुटाई जा रही है। जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अवैध हथियारों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इस सफल गिरतारी में थानाध्यक्ष ऊसराहार बलराज भाटी मय पुलिस टीम की प्रमुख भूमिका रही। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अपराधियों एवं अवैध शस्त्र रखने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# जनपदीय पुलिस की सक्रियता जारी, वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

## - थाना बिठौली पुलिस की प्रभावी कार्रवाई से वांछित आरोपी पकड़ा गया

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। जनपद में अपराध नियंत्रण एवं वांछित अपराधियों की गिरतारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में थाना बिठौली पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान मंगल सिंह पुत्र मुन्ना लाल, निवासी ग्राम सिरसकलार थाना सिरसा कलार जनपद जालौन को गिरतार किया गया। अभियुक्त न्यायालय द्वारा जारी वारंट के तहत वांछित चल रहा था, जिसकी गिरतारी के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत थी। थाना बिठौली पुलिस टीम ने सक्रियता और तत्परता दिखाते हुए अभियुक्त को गिरतार कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की। पुलिस के अनुसार जनपद में वांछित एवं वारंटी अपराधियों की गिरतारी हेतु विशेष अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून से बचने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि जनपद में शांति व्यवस्था और कानून का राज कायम रहे।

# फेट में छात्रों के साथ अभिभावकों ने लिया स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद

## - नगर पालिका चेयरमैन सहित अन्य अतिथियों ने फीता काटकर मेले का किया उद्घाटन

## - बीओएस को सीबीएसई से मान्यता मिलने पर पहले आयोजन में दिखा जोश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के पक्का तालाब स्थित ब्रिलियंट ओरियंटल स्कूल में रविवार को फेट का आयोजन किया गया। सीबीएसई इंस्पेक्शन के बाद पहले आयोजन में छात्र–छात्राओं और अभिभावकों के साथ स्टाफ में काफी जोश रहा। फेट का उद्घाटन नगर पालिका चेरयरमैन राजकुमार मौर्य, एआईसीसी सदस्य शिवाकांत तिवारी, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान, आदर्श व्यापार मंडल गर्ग गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग आदि ने फीता काट कर किया। सभी का स्वागत संस्थापक इश्तियाक हुसैन, चेयरमैन सैयद वासिफ हुसैन, डायरेक्टर .ष्णा उप्पल, प्रिंसिपल वकील अहमद ने बुकें भेंटकर किया। अतिथियों ने अध्यापिकाओं की ओर से लगाए गए स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल का मुआयना कर व्यंजनों का स्वाद लिया। इसके अलावा शहर के मशहूर हलवाइयों और बावरचियों ने भी अपने स्टाल लगाए थे। लोगों ने जाड़े में कुल्हड़ में चाय की चुस्की भी ली। स्टालों में लोगों की काफी भीड़ लगी रही। फन जोन में भी बच्चों के साथ उनके अभिभावकों ने भी हाथ आजमाया। कई लोगों ने पुरस्कार भी जीते। अतिथियों ने फेट की जमकर तारीफ की। उनका कहना था कि इस तरह के आयोजनों से लोगों का मिलना जुलना हो जाता है। पिछले दो दशकों में स्कूल ने बहुत ही तरक्की की है। पढ़ाई के साथ खेल, साहित्य, कला और म्यूजिक के क्षेत्र में भी स्कूल के बच्चों का उल्लेखनीय स्थान है। स्कूल में कई स्थानों पर डिजिटल बोर्ड भी लगाए गए थे। उसके माध्यम से मेले में आए लोगों को स्कूल में आयोजित अन्य कार्यक्रमों की भी झलक दिखाई गई। स्कूल में कई दिनों से मेले की तैयारियां चल रही थीं। इसमें स्कूल को वरिष्ठ टीचरों, अफजल, फ़राज़, ताहा, ताहिर हसन, जायर रिजवी, ऊबैद, अजहर के साथ सूफिया, जुलेखा, अर्शिया, नायरा, तहजीब, मुस्कान, शबनम आदि की टीम ने सजावट की। स्कूल के हेड ब्याज, हेड गर्स ने भी अतिथियों का स्वागत किया। सुबह से देर शाम तक छात्र–छात्राएं और अभिभावक व्यजंनों का लुत्फ लेते रहे। इस दौरान स्कूल में नए छात्र–छात्राओं के प्रवेश के लिए टेबल लगाई गई थी। इसमें ताहा, जीनत, एरा रिजवी ने पचास से अधिक लोगों को प्रवेश के लिए फार्म दिए और अन्य लोगों को प्रवेश के बारे में जानकारी दी। फेट में अतिथियों



के अलावा नूरुल हुदा स्कूल के मोहम्मद उमैर, सभासद शादाब अहमद, कफील अहमद, शफीक अहमद, पत्रकार शकील अहमद, जावेद आहमद खान, छात्र नेता हम्माद हुसैन आदि का स्वागत अहमद उमैर, अरशद नूर अंसारी, ताहिर हुसैन आदि ने किया।

# पूर्व सैनिकों की बैठक में साइबर अपराध से बचने के बताए तरीके

## - व्हाट्सएप, फेसबुक व इंस्टाग्राम पर लगा कर रखें टू स्टेप वेरीफिकेशन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति की मासिक बैठक कैप्टन उदय भान सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में साइबर क्राइम सेल थाने से इंस्पेक्टर रणधीर सिंह की टीम ने सभी को साइबर अपराध से बचने के तरीके बताएं। सब इंस्पेक्टर उपाध्याय ने बताया कि सबसे साधारण तरीका साइबर अपराधी लालच देकर या पुलिस अधिकारी बनकर धमका कर धोखाधड़ी करते हैं। या किसी परिचित व्यक्ति का मोबाइल नंबर का दुरुपयोग करके किया जाता है। कम से कम दो सौ तरीके आ चुके हैं जिनसे बचना बहुत कठिन है। साइबर एक्सपर्ट आशीष मिश्रा ने बताया कि सर्वप्रथम यह जामताड़ा झारखंड से शुरू हुआ था जो पूरे देश में फैल गया। आजकल तो ओटीपी की भी जरूरत नहीं पड़ती और आपका अकाउंट खाली हो जाता है,



इसलिए अगर कोई शादी का कार्ड पीडीएफ में आता है तो जब तक फोन से संतुष्ट न हो जाए उसको न खोलें। इंस्पेक्टर रणधीर सिंह ने बताया कि सबसे अच्छा तरीका यह है कि आप एक सस्ता मोबाइल ले लें तथा उसको घर में रखें वही नंबर अपने बैंक खातों में दर्ज करा दें। याद रहे जब आवश्यकता हो तभी नेट को चालू करें यदि आपको लगता है कि आपने किसी भी लिंक को छू लिया है तो तुरंत मोबाइल को लाइट मोड में डाल दें और नजदीक के साइबर थाने में पहुंचकर अपनी मोबाइल की जांच करवा ले जिससे कि वह आपका पैसा न निकाल सके। कभी भी किसी भी विभाग का टोल फ्री नंबर गूगल से या यूट्यूब से सर्च न करें क्योंकि साइबर अपराधियों ने वहां पर भी अपना नंबर डाल दिया है। विभाग से ही जांच नंबर प्राप्त करें इसके अलावा अपने व्हाट्सएप फेसबुक इंस्टाग्राम पर टू स्टेप वेरीफिकेशन लगा कर रखें। अध्यक्ष विद्याभूषण तिवारी ने सैनिकों को बताया कि जिन पूर्व सैनिकों की 70 वर्ष से ऊपर उम्र हो गई है उनको एमपैनल्ड हॉस्पिटल में अपने इलाज कराने के लिए रेफरल फॉर्म की आवश्यकता नहीं होगी। वह सीधे वहां जाकर अपना इलाज करवा सकते हैं। इस अवसर पर जागृति तिवारी, विमला सिंह, सुनीता देवी, राजेंद्र कुमार, सुरेंद्र पाल सिंह, अजय कुमार, प्यारेलाल, राजकुमार तिवारी, अनिरुद्ध सिंह, चंद्रपाल सिंह, हीरालाल आदि उपस्थित रहे।

# एसएसपी ने जनसुनवाई में सुनी फरियादियों की समस्याएं

## – जनसुनवाई के माध्यम से पुलिस–जन संवाद को मिल रही मजबूती

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा आज पुलिस कार्यालय में नियमित रूप से आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी शिकायतें और समस्याएं प्रस्तुत कीं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए संबंधित राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से वार्ता कर शिकायतों के प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रत्येक शिकायत का त्वरित और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को समयबद्ध न्याय मिल सके। एसएसपी ने फरियादियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का विधिसम्मत समाधान कराया जाएगा और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई व्यवस्था पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। पुलिस द्वारा फरियादियों की शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सर्वोच्च प्राथमिकता बताया गया।

# स्टंटबाजी पर यातायात पुलिस की सख्ती, दो कारों पर 14 हजार का चालान

## – एसएसपी के निर्देशन में चल रहा विशेष अभियान, लापरवाह चालकों पर पैनी नजर

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। जनपद में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और स्टंटबाजी जैसे खतरनाक .त्यों पर रोक लगाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अभय नाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी यातायात रामगोपाल शर्मा के नेतृत्व तथा यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह की टीम द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सार्वजनिक मार्गों पर स्टंट कर यातायात नियमों की खुली अनदेखी कर रहे वाहन चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने स्टंट करते पाए गए दो चार पहिया वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए दोनों पर कुल 14,000 का चालान किया। यातायात प्रभारी ने बताया कि स्टंटबाजी न केवल चालक के लिए बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकती है। ऐसे .त्यों से दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। इसी को देखते हुए यातायात पुलिस द्वारा चार पहिया एवं दो पहिया वाहन चालकों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि सड़क पर स्टंट करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यातायात पुलिस का साफ संदेश है नियमों का पालन करें, सुरक्षित रहें, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

# मिशन शक्तिटीम ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

## – हेल्पलाइन नंबरों व सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

## – स्वस्थ और सतर्क रहना ही असली सुरक्षा पुलिस का संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत थाना इकदिल पर गठित महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान टीम ने मिशन शक्ति के तहत पंपलेट वितरित किए। महिलाओं को सुरक्षा और स्वास्थ्य जागरूकता साइबर अपराध से बचाव और आपातकालीन सेवाओं के बारे में जानकारी दी कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और छात्राओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की परेशानी उत्पीड़न या आपात स्थिति में तुरंत संबंधित हेल्पलाइन नंबरों का प्रयोग करें साथ ही उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर पुलिस आपातकालीन सेवा 112 स्वास्थ्य सेवा एंबुलेंस 102, 108 वीमेन पावर लाइन 1090 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 वीमेन हेल्पलाइन 181 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 एलपीजी गैस रिसाव हेल्पलाइन 1906 उपभोक्ता अधिकार हेल्पलाइन 1915 प्रमुख सरकारी योजनाएं विधवा पेंशन योजना वृद्धावस्था पेंशन योजना सुकन्या समृद्धि योजना प्रधानमंत्री आवास योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना नशा मुक्ति भारत अभियान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम आयुष्मान भारत पीएम जय स्वास्थ्य बीमा योजना मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं से अपील की कि वे सतर्क रहें स्वस्थ रहें और इन हेल्पलाइन नंबरों व योजनाओं की जानकारी अपने परिवार तथा आसपास की अन्य महिलाओं तक अवश्य पहुंचाएं छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपना भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस का संदेश स्वस्थ और सतर्क रहना ही असली सुरक्षा है।



# जानलेवा हमला किए जाने की दी तहरीर

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम अढ़ेना गोपालपुर की रहने वाली मंजू पत्नी विजय ने बताया कि 31 जनवरी की सुबह अपने जानवरो को बांधने के लिए खूंटा गाड़ रहीं थी। उसी समय गांव की ही रहने वाली सोमवती पत्नी सुमेर उसके साथ लड़ाई झगड़ा करने लगी। इसी बीच मौका पाकर सपना पत्नी श्रीराम घर से फावड़ा लाई और सोमवती के हाथ में फावड़ा दे दिया। उसी फावड़े से सोमवती ने उसके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया जिससे उसके पैर में गंभीर चोट आई है। पीड़िता ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# गाजीपुर समिति में यूरिया की कालाबाजारी

## – किसान बेहाल, जांच हेतु डीएम को सौंपा पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। गाजीपुर कस्बा स्थित किसान सेवा सहकारी समिति में यूरिया खाद की भारी कालाबाजारी और धांधली का मामला प्रकाश में आया। खाद की किल्लत से जूझ रहे किसानों की समस्या को लेकर किसान यूनियन के न्याय पंचायत अध्यक्ष इरशाद आलम ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र प्रेषित किया है। शिकायत में आरोप है कि समिति के कर्मचारी और दलाल से मिलीभगत कर खाद की .त्रिम किल्लत पैदा कर रहे हैं। असली किसान एक बोरी के लिए लाइन में खड़ा है, जबकि दलालों और दबंगों को 10 से 20 बोरी खाद अवैध रूप से दी जा रही है। निर्धारित मूल्य के स्थान पर 280 रुपये प्रति बोरी की दर से अवैध वसूली की जा रही है। यह भी आरोप है कि 30 जनवरी को विरोध करने वाले किसानों के साथ दलालों ने अभद्रता और मारपीट की। यूनियन के नेता ने मांग की है कि गाजीपुर की दोनों सोसायटियों की गोपनीय जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए, ताकि किसानों का आर्थिक शोषण रुक सके।

# वाहन की टक्कर से चाय दुकानदार घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अंदौली पुलिया स्थित कन्हा गेस्ट हाउस के पास रहने वाले रमेश (60) पुत्र स्वर्गीय रामखेलावन गंभीर रूप से घायल हो गए। रमेश चौधरी गार्डन के समीप चाय की दुकान लगाते हैं। जानकारी के अनुसार रमेश अपने घर से दुकान जा रहे थे। जैसे ही वह 50 नंबर गेट के नीचे पहुंचे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने परिजनों को फोन के माध्यम से सूचना दी। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल रमेश को जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। जिला अस्पताल में तैनात डॉक्टरों ने उनका उपचार शुरू कर दिया है। जिला अस्पताल पहुंची घायल की बेटी मनीषा ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी।

# सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन को मिला जीवन रक्षक सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। वीरों की धरती जनपद गाजीपुर में संस्था जीवन रक्षक फाउंडेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन एवं जीवन रक्षक सम्मान समारोह में सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन को जीवन रक्षक सम्मान से सम्मानित किया सम्मान जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के पुत्र वरिष्ठ भाजपा नेता अभिनव सिन्हा द्वारा दिया गया। संस्था सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन से सम्मान लेने



संस्था के प्रबंधक गुरमीत सिंह व रक्तदाता सतीश शर्मा पहुंचे। जहा जनपद में रक्तसेवा कर रही संस्था सर्व फॉर ह्यूमैनिटी को जीवन रक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। इस मौके पर गाजीपुर संस्था के संस्थापक शीर्ष दीप शर्मा ,सचिव डॉक्टर उरूज फातमा, अध्यक्ष मनीष पाल व उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर , बनारस, भदोही, प्रयागराज व अन्य जिलों की संस्थाएं उपस्थित रही ।

# गैंगेस्टर मुल्जिम को पकड़ने आई कानपुर पुलिस से हाथापाई

## – वर्ष 2025 में बर्रा थाने पर दर्ज हुआ था धोखाधड़ी, जालसाजी व रंगदारी का मुकदमा

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। सीजेएम कानपुर की कोर्ट के आदेश पर बर्रा थाना की पुलिस फतेहपुर के अमौली कस्बा निवासी गैंगेस्टर के आरोपी आकांशू दीक्षित उर्फ मोनी को पकड़ने गई थी। मोनी पर नकली शराब बनाने का चांदपुर थाना से गैंगेस्टर हुआ था और कानपुर नगर में दर्ज अभियोग में फरार चल रहा था। जानकारी के अनुसार आकांशू दीक्षित उर्फ मोनी मूल रूप से चांदपुर थाना के अमौली कस्बा निवासी है। इसके ऊपर कानपुर पुलिस कमिशनरेट के बर्रा थाने में धोखाधड़ी, जालसाजी और रंगदारी का मुकदमा अक्टूबर



2025 में दर्ज हुआ। आरोपी युवक के ऊपर अलग–अलग राज्यों और थानों में करीब आठ मुकदमे दर्ज हैं। इनमे से तीन में खुद पुलिस वादी है। आरोपी कानपुर नगर के बर्रा थाना में दर्ज मुकदमा में तीन महीने से फरार चल रहा था। सर्विलांस के जरिए मिली लोकेशन पर कानपुर बर्रा पुलिस दबिश देने अमौली पहुची। यहां आरोपी और उसके परिजनों ने पुलिस से धक्का–मुक्की की और आरोपी ने एक सिपाही के हाथ मे काट लिया। वीडियो में दबिश देने गई पुलिस टीम को गैंगेस्टर सीपी कानपुर के नाम की धमकी दे रहा है। साफ शब्दों में कह रहा है कि पुलिस कमिश्नर से मिलकर आया है, यानी कि पुलिस कमिश्नर ये गैंगस्टर का मुलाजिम मिलता रहता था और फिर भी ऑनरिकार्ड तीन महीने से फरार था। परिजनों के आरोपी को छुड़ाने के तमाम विरोध, पुलिस से धक्का–मुक्की करने के बावजूद पुलिस उसे गिरतार कर कानपुर ले गई। थानाध्यक्ष चांदपुर का कहना है कि आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। वह थाना चांदपुर का गैंगेस्टर अभियुक्त है।

# मांगों को लेकर सिविल अधिवक्ता मंच ने किया प्रदर्शन

## - राष्ट्रपति समेत पीएम, चीफ जस्टिस सुप्रीम कोर्ट व सीएम को भेजा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। वादकारियों समेत अधिवक्ताओं की विभिन्न समस्याओं के साथ ही न्यायालयों में व्याप्त भ्रश्टाचार को लेकर सिविल अधिवक्ता मंच के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्षन किया तत्पष्चात जिलाधिकारी के माध्यम से राश्ट्रपति समेत प्रधानमंत्री, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीष व प्रदेष के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाई। सिविल अधिवक्ता मंच के प्रांत संयोजक आरपी मौर्य एडवोकेट की अगुवई में पदाधिकारी व वादकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्षन करने के बाद डीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि वादकारियों व अधिवक्ताओं की विभिन्न समस्याएं काफी समय से लंबित हैं। इसके अलावा न्यायालयों में भ्रष्टाचार



हावी है। जिससे वादकारियों को उचित न्याय नहीं मिल रहा है। मांग की गई कि राजस्व, दीवानी, फौजदारी मामलों में तहसीलों से लेकर उच्च न्यायालयों तक लंबित मुकदमों को अंतिम निर्णय देने के लिए एक वर्श का समय दिया जाए, जिले से लेकर उच्च न्यायालयों तक तीस वर्श पूर्व से प्रेक्टिसिंग अधिवक्ताओं का पैनल बनाकर न्यायिक पद पर एक जिले से दूसरे जिले भेजकर न्यायालयों के फैसलों में तेजी लाई जाए, राजनैतिक दलों द्वारा हिंदू मुस्लिम, अगड़ा, पिछड़ा, दलित आदि का कार्ड चलाने से जो अराजकता फैल रही है और गरीब जनता को न्याय से विचलित किया जा रहा है उस पर रोक लगाई जाए, डा. बीआर अंबेडकर षिक्षा सदन आबूनगर में भूमाफियाओं द्वारा किए जा रहे कब्जे के प्रयास पर तत्काल कार्रवाई की जाए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष श्री.ष्णा गुप्त एडवोकेट, जिला सचिव धीरेंद्र बहादुर पासवान एडवोकेट, अरुण कुमार रावत एडवोकेट, शोभित दुबे एडवोकेट, रिशु सोनी एडवोकेट, ललित निषाद एडवोकेट, ओम प्रकाश पाल एडवोकेट, मोहनलाल पासवान एडवोकेट, राजा रणजीत सिंह पटेल एडवोकेट, सुरेंद्र सिंह गौतम एडवोकेट, मनिप्रकाश दुबे एडवोकेट सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# अपनी संस्कृति व संस्कार को बढ़ावा देने की जरूरत : बृजेश पाठक

## - सीएमओ गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं कराएं मुहैया

## - श्री नागेश्वर धाम आश्रम का डिप्टी सीएम ने किया लोकार्पण

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। मेरा गांव, मेरा तीर्थ कार्यक्रम तहसील बिन्दकी अंतर्गत



विकास खंड खजुहा के ग्राम हिम्मतपुर, पोस्ट अजमतपुर श्री नागेष्वर धाम आश्रम का उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लोकार्पण शिलापट्ट का अनावरण करके किया। इसके पश्चात नागेष्वर धाम आश्रम में वैदिक रीति रिवाज दर्शन पूजन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर मां सरस्वती जी व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में ग्राम में उत.ष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाओं को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि मेरा गांव, मेरा तीर्थ कार्यक्रम प्रेरणादायी है इससे प्रेरित होकर अपने गांव को समृद्धशालील बनाना है हम सबको अपनी मातृभूमि, जन्म स्थान से जुड़कर रहना चाहिए, क्योंकि हमारी मिट्टी हमे ऊर्जा देती है। जो लोग गांव से निकलकर अच्छे–अच्छे पदों पर कार्यरत हैं, उनको अपने जन्मभूमि से जुड़े रहना चाहिए। साथ ही गांव के विकास में अपना सकारात्मक सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमे अपनी संस.ति और संस्कार को बढ़ावा देने की जरूरत है। ऐसे कार्यक्रमों से युवा व भावी पीढ़ी को प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना है। गांव सशक्त होंगे तभी देश उन्नत करेगा। प्रधानमंत्री के विजन वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र का सपना साकार होगा। हमें अपने बच्चों को प्रेरणादायी कहानियां भी सुनाएं और सभी को सम्मान देना सिखाए। गांव को स्वच्छ, सुन्दर बनाए रखने के साथ है सभी लोग आपस में मिलजुलकर रहे। उन्होंने कहा कि केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी/लोक कल्याणकारी योजनाओं से पात्रों को लाभांवित कराए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम में स्वास्थ्य शिविर लगाकर नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराएं। इस मौके पर प्रभारी मंत्री व राज्यमंत्री अजीत पाल सिंह, अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ स्वांत रंजन, कार्यक्रम के संयोजक डॉ0 घनश्याम अग्निहोत्री ने मेरा गांव, मेरा तीर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत गांव को समृद्ध बनाने के लिए अपने–अपने विचार व्यक्त किए। डा0 एके द्विवेदी ने कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया। कहा कि यह कार्यक्रम सराहनीय है जो पूर्वजों की प्रेरणा से हुआ है। इस अवसर पर विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल, विधायक बिन्दकी जय कुमार सिंह जैकी, विधायक अयाह शाह व्यास गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, पूर्व विधायक आदित्य पांडेय, जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), पुलिस क्षेत्राधिकारी, समाजसेवी नवीन सिंह, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मधुराज विष्वकर्मा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बिन्दकी राधा साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं संबंधित उपस्थित रहे।

# टोल कर्मियों ने महिला वकील से की मारपीट, वकील आक्रोशित

## - राज्यपाल को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

न्यूज वाणी ब्यूरो
खागा, फतेहपुर। सोनभद्र के लोढ़ी टोल प्लाजा में महिला वकील व उसके परिजनों के साथ हुई मारपीट के मामले में खागा के वकीलों में खासा आक्रोश देखने को मिला। सोमवार को महिला वकील के साथ टोल कर्मियों की गुंडई का वीडियो शोसल मीडिया पर वायरल होते ही खागा के वकील आग बबूला हो उठे और टोल कर्मियों की दादागीरी व प्रशासन निरंकुशता को लेकर जमकर नारेबाज़ी करते हुए एसडीएम की गैरमौजूदगी में तहसीलदार शैल कुमारी को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। घटना के सम्बन्ध में सोषल मीडिया में प्रसारित खबरों के मुताबिक राबट्र्सगंज निवासी महिला अधिवक्ता आरती पांडेय शनिवार शाम कार से नवीन कुमार सिंह, गरिमा सिंह और अवनीश दुबे के साथ ओबरा जा रही थीं। लगभग चार बजे वह लोढ़ी स्थित टोल प्लाजा के पास पहुंचीं तो वहां जाम लगा हुआ था। काफी देर तक जाम न खुलने पर कार में बैठे उनके जीजा नवीन कुमार सिंह गाड़ी से उतरकर टोल कर्मियों से जाम का कारण पूछने लगे। आरती की ओर से दी गई तहरीर के मुताबिक टोल कर्मी उनके जीजा को भद्दी–भद्दी गालियां देने लगे। यह देख अवनीश दुबे भी गाड़ी से उतरकर पहुंचे तो टोल कर्मियों ने मारपीट शुरू कर दिया। महिला वकील का आरोप है कि वह बीच–बचाव के लिए पहुंचीं तो टोल कर्मियों ने लाठी–डंडे से नवीन कुमार पर हमला कर दिया। उनके सिर गंभीर चोट आई है।



खागा के वकीलों द्वारा दिए गए ज्ञापन में मांग की गई कि आरोपित सभी टोलकर्मियों के विरुद्ध गैंगेस्टर रासुका के साथ बुलडोजर की कार्रवाई की जाए, लोढ़ी टोल प्लाजा का अनुबंध व लाइसेंस निरस्त कर जमानत राशि जब्त की जाये, प्रदेश के सभी टोल प्लाजा पर वकीलों को विशेष वरीयता व निःशुल्क पास दिया जाए तथा वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। इस मौके पर अधिवक्तागणों में रामसखा द्विवेदी, अरविन्द पांडेय, इसराइल फ़ारूक़ी, सूर्य प्रकाश सिंह, अशोक श्रीवास्तव, राजेश द्विवेदी, जितेंद्र द्रिवेदी, राजेश तिवारी, .ष्ण कुमार, विवेक पाठक, राजा राजेंद्र सिंह, बलवंत सिंह, आशुतोष पांडेय, .ष्णकांत त्रिवेदी, अंशुमान शुक्ला सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में दबंग ने जीता फाइनल मुकाबला

## - विजेता टीम को इक्कीस हजार रूपए नगद व ट्राफी देकर किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। शहर के डीएम आवास के पीछे पीडब्ल्यूडी क्लब मैदान में सोमवार को स्व0 विजय बहादुर वर्मा (पटेल) व स्व0 लीला तिवारी पूर्व सभासद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन–2 का आयोजन किया गया। जिसमें कई टीमों ने सहभागिता निभाई। फाइनल मुकाबला दबंग व सीपीएस–2 के बीच हुआ। दबंग ने इस मुकाबले को चौदह रनों से जीत लिया। विजेता टीम को इक्कीस हजार रूपए नगद व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव व विषिश्ट अतिथि नगर पालिका परिशद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, पूर्व विधायक विक्रम सिंह, आदर्श व्यापार मंडल गर्ग गुट के राश्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप




गर्ग, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, अयाह–षाह विधायक विकास गुप्ता सहित तमाम लोगों ने हिस्सा लिया। दबंग व सीपीएस–2 के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें दबंग की टीम ने 130 रनों का स्कोर खड़ा किया। सीपीएस के गेंदबाजों ने टीम को आलआउट कर दिया। जवाब में उतरी सीपीएस–2 की टीम के खिलाड़ी निर्धारित ओवरों में महज 116 रन ही बना सके। जिससे दबंग की टीम ने मुकाबले को चौदह रनों से जीत लिया। अतिथियों ने विजेता टीम को ट्राफी के साथ इक्कीस हजार रूपए प्रदान किए। साथ ही प्रधान बनरसी विपिन तिवारी ने विजेता टीम को सेवेन सेंस में खाना व डीजी कंस्ट्रक्षन की ओर से मूवी टिकट भी प्रदान की गई। मैच आफ द मैच षिवम दीक्षित व मैन आफ द सीरीज सनी रहे। इस मौके पर अजय सिंह रिंकू लोहारी, संजय श्रीवास्तव, पंकज त्रिवेदी, सुषील तिवारी, पवन द्विवेदी, राम सिंह पटेल, अभिशेक शुक्ला, हरिओम गुप्ता, विवेक नागर, अतीष पासवान, ऋतिक पाल, गुड्डू यादव, नरेन्द्र लोधी, संजय श्रीवास्तव, संतोश पटेल, अमित षिवहरे, विक्रम चंदेल, विपिन तिवारी, सूरज सिंह, इन्द्रजीत लोधी, अहमद, अखिलेष कुमार, अभिशेक श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर से गिरकर मजदूर घायल, रेफर

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र स्थित ईट भट्ठे से ट्रैक्टर पर ईट लोडकर जा रहे ट्रैक्टर से मजदूर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सिधांव गांव निवासी रामलाल का 27 वर्षीय पुत्र पिंटू जो मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। रोज की भांति वह ट्रैक्टर पर ईंट लोड कर सप्लाई देने जा रहा था। तभी चलते ट्रैक्टर से वह गिरकर ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आ गया। जिससे उसका हाथ गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो घायल अवस्था में उसको इलाज लिए बहुआ सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। घायल के साथ अस्पताल पहुंचे उसके पिता रामलाल ने घटना की जानकारी दिया।

# भाकपा ने मांगो को लेकर तहसील में किया प्रदर्शन

## – एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो
खागा, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन ने राष्ट्रीय आंदोलन के तहत तहसील परिसर में प्रदर्षन करने के पष्चात 13 सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को




भेजा। जिलाध्यक्ष सुमन सिंह चौहान व जिला महामंत्री कामरेड राम.ष्ण हेगड़े के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में प्रदर्शन करके ज्ञापन सौंपा। मांग की गई कि बीबी जी राम जी विधायक वापस लिया जाए और मनरेगा को उसके पुराने स्वरूप में बहाल किया जाए, मनरेगा के तहत मजदूरों को 200 दिन का काम और 700 दैनिक मजदूरी दी जाए, सभी खेत मजदूर को 55 वर्ष की उम्र पूरी हो जाने के बाद 10000 मासिक पेंशन दी जाए, मनरेगा के बचत को भारत सरकार और प्रांतीय सरकार द्वारा दिए जाने वाले पुरानी बजट व्यवस्था को जारी रखा जाए, खेत मजदूरों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी दी जाए, खेत मजदूर व ग्रामीण मजदूर आदिवासियों के प्रा.तिक संसाधनों जल जंगल जमीन को अभिलंब वापस किया जाए, खेत मजदूर को कम न मिलने पर मुआवजा दिया जाना सुनिश्चित किया जाए, आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम पर चल रहे मनरेगा एक्ट को लागू करते हुए भाजपा सरकार के हिंदू राष्ट्र बनाने की तरफ आगे बढ़ते हुए कदमों को रोका जाए इसके अलावा अन्य मांगे भी षामिल रहीं। ज्ञापन देने वालों में फूलचंद पाल, छोटेलाल, राजेंद्र हंस, हरिश्चंद्र, प्रेम कुमार, अशोक कुमार, बद्री प्रसाद, कयामुद्दीन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सर्व समाज विकास समिति ने डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो
बिंदकी, फतेहपुर। एक दिवसीय भ्रमण पर आए प्रदेष के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को सर्व समाज विकास समिति के प्रबन्धक धर्मेन्द्र मिश्र, सचिव अनुराग मिश्र, लेखा निरीक्षक सात्विक शुक्ला के प्रतिनिधि मण्डल ने राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय बिंदकी, मध्य बाजार नजाही कस्बा बिन्दकी स्थित पक्का तालाब के सुन्दरीकरण की समस्या से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय बिन्दकी को वर्तमान समय में किराये की बिल्डिंग पर एक छोटे से कमरे में संचालित होने जिसकी जानकारी आम जनता को न होने से समुचित लाभ नही मिल पाने की समस्या से अवगत कराया और राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय बिन्दकी जिला फतेहपुर का स्थायी स्थानान्तरण सामु० स्वास्थ्य केन्द्र बिन्दकी में कराने व मध्य बाजार नजाही कस्बा बिन्दकी स्थित पक्का तालाब के सुन्दरीकरण की माँग की।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। शहर के ज्वालागंज चौराहे के समीप सोमवार को सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत पूजन के साथ शुभारंभ हुआ। आयोजन की शुरुआत भव्य कलश



यात्रा के साथ की गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा ज्वालागंज से प्रारंभ होकर बाकरगंज बड़ा शिवाला होते हुए चौक शिव मंदिर, हनुमान मंदिर से कोतवाली रोड शीतला मंदिर होते हुए गणेश मंदिर ज्वालागंज अपने यथा स्थान पहुंची। मंदिरों में पूजा–अर्चना के बाद यात्रा पुनः कथास्थल पंडाल में संपन्न हुई। नगर भ्रमण के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए धार्मिक उल्लास का प्रदर्शन किया। कथावाचक श्रीकांत शुक्ला द्वारा श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। इस अवसर पर परिक्षित विनय, सुशील चंद्र गुप्ता, नीतू गुप्ता, अनंत राम गुप्ता, विनय गुप्ता, पंकज गुप्ता, नीरज गुप्ता, शैलेन्द्र कुमार गुप्ता, दशरथ, आर्यन, अरिहंत सूजल, आरती, संध्या, वंदना, सिमरन, सुमन, ममता, मोहित गुप्ता, हीरालाल यादव, सहित अनेक गणमान्य नागरिक व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# महिला की हत्या में आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज

## - चार वर्ष पहले मृतका की हुई थी शादी

न्यूज वाणी ब्यूरो/बिंदकी, फतेहपुर। महिला की हत्या का आरोप लगाते हुए मृतका के भाई ने पति ससुर देवर सहित कुल आठ लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बिंदकी कस्बे के निकट फरीदपुर गांव की महिला ज्योति देवी 22 वर्ष पत्नी विनय कुमार की हत्या का आरोप मृतका के भाई अनिल कुमार निवासी ग्राम दंदवा महमूदपुर थाना कल्यापुर ने लगाया। भाई अनिल कुमार की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार की सुबह मृतका के पति विनय कुमार, ससुर छेद्दी, चचिया ससुर सुल्तान, मलखान, नंदोई शत्रुघ्न, संतोष, देवर नितेश एवं एक अज्ञात कुल आठ लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। बताते चलें



कि मृतका ज्योति देवी की शादी चार वर्ष पहले वर्ष 2022 में हुई थी। मृतका की एक डेढ़ वर्ष की पुत्री सौम्या देवी है। पुलिस में दर्ज कराए मुकदमे में मृतका के भाई अनिल कुमार ने कहा कि रविवार की देर शाम को उनको जानकारी मिली कि उनकी बहन ज्योति देवी की मौत हो गई है। जब वह लोग फरीदपुर गांव पहुंचे तो देखा कि उनकी बहन मृत अवस्था में पड़ी हुई थी। गले में रस्सी का निशान था। अनिल का आरोप है कि बहन ज्योति देवी के ससुराल के लोगों ने दहेज के खातिर उसकी बहन को फांसी के फंदे में लटकार कर मार डाला। इस मामले में पुलिस ने रविवार व सोमवार की मध्य रात को मृतका ज्योति देवी के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# उद्योग बंधु समिति की बैठक छह को

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग ने बताया कि उद्यमियों की समस्याओं के समाधान हेतु जनवरी माह की जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की मासिक बैठक 06 फरवरी को अपराह्न तीन बजे कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित होगी। उन्होने उद्यमियों से बैठक में उपस्थित होने का आहवान किया।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )